Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 265 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, सोमवार 14 अप्रैल 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



आज अर्थ की ओर दृष्टि होने से मानव पतन की ओर जा रहा है।

Today man is heading towards downfall become of money-mindedness.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून को लेकर हिंसा

### मुर्शिदाबाद में तीन लोगों की मौत, इंटरनेट बंद

**कोलकाता ( आरएनएस )।** पश्चिम बंगाल के कम से कम 3 जिलों में वक्फ कानून को लेकर विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया है। सबसे ज्यादा खराब हालात मुर्शिदाबाद में है। इसके अलावा उत्तर 24 परगना, हुगली और मालदा में भी हिंसक प्रदर्शन हुए हैं। राज्य में अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है और पुलिस ने 138 लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के बाद राज्य में केंद्रीय सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है।

केंद्र सरकार ने हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय बलों के 1,600 जवान तैनात किए हैं। हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद में करीब 300 सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवानों के अलावा 5 और कंपनियां तैनात की गई हैं। हिंसाग्रस्त इलाकों में इंटरनेट बंद है और लोगों के जुटने पर भी पाबंदी है। बीती रात राज्य के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार भी मुर्शिदाबाद पहुंचे और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की।

## युवाओं के साथ 'जय भीम पदयात्रा' में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय

# 'पंचतीर्थ' और संविधान दिवस से नई पीढ़ी बाबा साहब से ले रही प्रेरणा : सीएम विष्णुदेव साय

### मुख्यमंत्री साय ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया







**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारत का संविधान हर नागरिक के लिए पवित्र ग्रंथ है, जो हमें गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार देता है। हमारा विशाल लोकतंत्र संविधान की मजबूत नींव पर खड़ा है और बाबा साहब इस ग्रंथ के शिल्पकार थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर के तेलीबांधा तालाब से 'जय भीम पदयात्रा' का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री स्वयं इस पदयात्रा में युवाओं के साथ शामिल हुए और पदयात्रा के अंतिम पड़ाव में अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं के साथ संविधान की

### प्रिएम्बल वाल पर हस्ताक्षर कर संविधान की मूल भावना के प्रति जताई प्रतिबद्धता

प्रस्तावना का वाचन किया और संविधान की मूल भावना के प्रति निष्ठा और प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए प्रिएम्बल वाल पर अपने हस्ताक्षर किए। उल्लेखनीय है कि 'जय भीम पदयात्रा' का आयोजन छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग और नेहरू युवा केंद्र संगठन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मध्यप्रदेश के मऊ में जन्म लेकर कठिन संघर्षों के बाद बाबा साहब ने उच्च शिक्षा प्राप्त की और भारत जैसे विशाल लोकतंत्र को एक समावेशी और शक्तिशाली संविधान दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहब के जीवन से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों को %पंचतीर्थ% के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है, जिससे नई पीढ़ी उनके विचारों से प्रेरणा ले सके। साथ ही संविधान दिवस की घोषणा कर देशवासियों को संविधान के प्रति समर्पण का संदेश दिया है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बाबा साहब की दूरदर्शिता की वजह से आज भारत जैसा विशाल देश अपने लोकतांत्रिक मूल्यों को लगातार समृद्ध कर रहा है, वहीं भारत के साथ आज़ाद हुए अन्य देश लोकतंत्र को साथ लेकर नहीं चल पाए। उन्होंने युवाओं से भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और उन्हें मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कैबिनेट मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का पूरा जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी है। उनके अगुवाई में ही देश के संविधान का निर्माण किया गया। उनके आदर्शों एवं बताए गए रास्तों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने समाज में विशिष्ट योगदान देने वाले युवाओं को मुख्य मंच से सम्मानित किया।

## राष्ट्रपति ने अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी

**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहेब की जयंती है। इस अवसर पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संदेश में कहा, हमारे संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूं। अपने प्रेरणादायक जीवन में बाबा साहेब ने अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करते हुए भी अपनी एक अलग पहचान बनाई और अपनी असाधारण उपलब्धियों से दुनिया भर में सम्मान प्राप्त किया।






## छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने किया पदभार ग्रहण



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के नव नियुक्त अध्यक्ष श्री रामसेवक पैकरा के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और श्री पैकरा को नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी उपस्थित थे और उन्होंने श्री पैकरा को नए दायित्व की बधाई दी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि श्री रामसेवक पैकरा वरिष्ठ राजनेता हैं और सामाजिक जीवन का उन्हें लंबा अनुभव है। उन्होंने अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया है। वे हमेशा से आदिवासी और वनवासी समुदायों के प्रति संवेदनशीलता और धरातल से जुड़कर कार्य करने के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में उन्हें वन विकास निगम की बड़ी जिम्मेदारी मिलने से जनजातीय समाज को इसका लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की लगभग 44 प्रतिशत भूमि वन क्षेत्र से आच्छादित है।



## संक्षिप्त समाचार

### शिवसेना ने किया सामाजिक संगठनों और पत्रकारो का सम्मान



**आरंग (विश्व परिवार)।** गुरुवार को रामनवमी के अवसर पर आरंग में शिवसेना के तत्वावधान में आयोजित जगराता व सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह में शिवसेना के प्रतिनिधि मंडल ने नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों व पत्रकारों को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। जिसमें स्वयंसेवी संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन, रानी पद्मावती महिला संगठन, गायत्री शक्तिपीठ आरंग, बाबा बागेश्वर नाथ महादेव गो सेवा समिति आरंग, ओम् शांति संस्थान आरंग को नगर में निरंतर पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण, समाजसेवा, गौ सेवा, धार्मिक प्रचार प्रसार व रचनात्मक कार्यों के लिए तथा नगर के प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया जगत से जुड़े सभी पत्रकारों को लंबे अर्से से नगर व अंचल में सकारात्मक पत्रकारिता के लिए सम्मानित किया गया।इस अवसर पर शिवसेना से जिला अध्यक्ष दिनेश ठाकुर, जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष केशव वैष्णव, नगर अध्यक्ष राज दूबे, नगर उपाध्यक्ष रिंकू यादव, शिवसेना से व्यास सोनकर, टेकू देवांगन, रूपेश धीवर, रेखराज अग्रवाल, राजा तोड़े, गया प्रसाद, राकेश चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में शिवसेना के सदस्यों व नगर वासियों की उपस्थिति रही।

### रायपुर जिला महिला ट्राई सीरीज में प्लेयर ऑफ़ द मैच बनीं नूतन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में कक्षा 11वीं कामर्स की छात्रा नूतन कौशिक ने रायपुर जिला महिला ट्राई सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन किया। नूतन को इस सीरीज में %प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट% चुना गया है। शिक्षिका आराधना लाल ने बताया कि नूतन कौशिक स्कूल में 11वीं में कामर्स की छात्रा है। रायपुर जिला महिला ट्राई सीरीज में उन्होंने रायपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से खेलते हुए प्लेयर ऑफ़ द मैच का अवार्ड जीता। नूतन अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19 आदि में विगत कई वर्षों से महिला क्रिकेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहीं हैं। महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने समूची कार्यकारिणी व सभासदों की ओर से व प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने नूतन की सराहना करते हुए समस्त विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

### थाना उरला क्षेत्र अंतर्गत मेटल पार्क कन्हेरा श्मशान घाट के पास कुल छह गाय मृत अवस्था में पाई गई



**रायपुर/उरला (विश्व परिवार)।** थाना उरला क्षेत्र अंतर्गत मेटल पार्क कन्हेरा श्मशान घाट के पास आज सुबह कुल छह गाय मृत अवस्था में पाए गए। मौके पर पुलिस द्वारा शव पंचनामा कार्यवाही की गई है। पशु चिकित्सक द्वारा सभी मृत छह गायों का पोस्टमार्टम किया गया है और परीक्षण हेतु एफएसएल भेजने बिसरा जप्त किया गया है। घटना स्थल के पास करीब 40-50 बोरी पशु आहार पड़ा हुआ था। पशु आहार के सैंपल जप्त किया गया है। प्रथम दृष्टया पशु आहार को खाने से गायों की मृत्यु होना प्रतीत हो रहा है। उरला थाना द्वारा कार्यवाही की जा रही है। नगर निगम बिरगांव के टीम की मदद से सभी मृत गायों को पोस्टमार्टम के बाद दफन किया गया है।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सुकमा में आत्मसमर्पित नक्सलियों से की चर्चा, राज्य शासन की समस्त योजनाओं के लाभ दिलाने के दिए निर्देश





**रायपुर (विश्व परिवार)।** उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री विजय शर्मा शनिवार को सुकमा के एकदिवसीय दौरे पर पहुँचे। इस दौरान उन्होंने नक्सल पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया और आत्मसमर्पित नक्सलियों से मुलाकात कर उनके वर्तमान हालात, सरकार की पुनर्वास नीति तथा उनके अनुभवों के बारे में जानकारी ली।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने स्पष्ट किया कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में शांति स्थापना और सामाजिक समावेश की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने आत्मसमर्पित नक्सलियों से संवाद करते हुए उनके पुनर्वास, शिक्षा, रोजगार और समावेशन की योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि सरकार उनके समुचित पुनर्वास हेतु प्रतिबद्ध है। शासन की ओर से सभी ज़रूरी दस्तावेज ङ्क राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर आईडी और राजस्व संबंधी प्रमाणपत्र ङ्क बनाए जाएंगे।

उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आत्मसमर्पित नक्सलियों को लघुवनोपज आधारित प्रसंस्करण एवं कृषि संबंधित रोजगारमूलक प्रशिक्षण से जोड़ा जाए। उन्होंने पुनर्वास केंद्र में एक नियमित प्रशिक्षक (रेगुलर इंस्ट्रक्टर) की नियुक्ति तथा कौशल उन्नयन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश कलेक्टर को दिए। साथ ही केंद्र में एक देवस्थली की स्थापना कर नियमित पूजा-अर्चना की व्यवस्था करने को भी कहा।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार पुनर्वास और विकास को लेकर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। आत्मसमर्पण करने वालों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

इस अवसर पर बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप, महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका सोरी, बस्तर रेंज के आईजी श्री सुंदरराज पी., पंचायत विभाग के विशेष सचिव श्री तारण प्रकाश सिन्हा, डीआईजी श्री कमलोचन कश्यप, सुकमा कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव, एसपी श्री किरण चव्हाण, जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे, जिला पंचायत सदस्य श्री हुंगाराम मरकाम सहित अनेक स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

## खुर्सीपार क्षेत्र में शिवरेज लाइन के ऊपर अतिक्रमण को हटाया गया



**भिलाईनगर (विश्व परिवार)।** खुर्सीपार क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 42 गौतम नगर में सीवरेज लाइन का विस्तार का कार्य चल रहा है। भिलाई इस्पात संयंत्र के समय का वहां पर पुराना सीवरेज लाइन बिछा हुआ था। भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत कर्मचारी वहां पर निवासी थे। जिनके द्वारा नाली के ऊपर अतिरिक्त निर्माण कर लिया गया था। कुछ लोगों ने अपने अन्य परिवार वालों को लाकर के खाली जगह पर बसा दिया था। जिसके कारण सीवरेज सफाई की समस्या हो रही थी, जो बहुत पुराना हो गया था। क्षेत्र की जनसंख्या बढ़ जाने के कारण सीवरेज सिस्टम का संधारण करना अति आवश्यक हो गया था। बारिश के दिनों में वहां पर पानी भर जाता था। नाली के ऊपर कब्जा हो जाने के कारण सफाई नहीं हो पा रहा था। जिसके कारण लगभग 10000 लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। स्थानी निवासियों, जनप्रतिनिधियों की बहुत दिनों से मांग थी कि सीवरेज सिस्टम का पुन: संधारण किया जाए। वहां पर पुराना 10 फीट नीचे से शिवरेज सिस्टम गया हुआ है। 14वें वित्त आयोग से नाली निर्माण का कार्य सैंक्शन हुआ था जब भी कार्रवाई के लिए निगम का दल जाता था कभी बच्चों का पेपर, कभी त्यौहार का सीजन, आदी की समस्या आड़े आ जाता था काम रुक जाता था।

## महापौर श्रीमती अलका बाघनार ने बस स्टैंड में प्याऊ घर का किया शुभारंभ

**स्वयंसेवी संस्थाओं ने हमेशा से इस दिशा में बेहतर काम किया है : महापौर**



**दुर्ग (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड के पास सत्य साईं सेवा समिति द्वारा राहगीरों के लिए शीतल जल उपलब्ध कराने प्याऊ घर खोला गया है।महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने एमआईसी सदस्य श्रीमती हर्षिका संभव जैन के साथ सत्य साईं सेवा समिति के सदस्यों के साथ प्याऊघर का शुभारंभ किया।इस अवसर पर महापौर ने कहा प्याऊ घर की सुविधा मिलने से लोगों को भीषण गर्मी में पेयजल उपलब्ध होता है। स्वयंसेवी संस्थाओं ने हमेशा से इस दिशा में बेहतर काम किया है। उन्होंने कहा कि गर्मी के कारण केवल नागरिक परेशान नहीं होते बल्कि पक्षी भी पेयजल के लिए परेशान होते हैं।उन्होंने नागरिकों से अपील कर कहा कि अपने घर के आंगन, छत और दीवारों में पक्षियों के लिए पानी से भरे सकोरे रखने की व्यवस्था करें।

प्याऊ घर स्थापना के अवसर पर सत्य साई सेवा समिति दुर्ग के समिति के बीपी पांडे, आर.के. तिवारी, सिन्नरकर, दिलीप ठाकुर सुंदर बंसल के आर मुदलियार संजय कानखोजे, गौरव ठाकुर रंग दमन राजपूत, श्रीनिवास राव सौरव पाण्डेय, नवीन त्रिपाठी राजेंद्र साहू, राजेंद्र मरकाम राजू सोनी, विजय सोनी, पद्म निषाद देव कुमार साहू, राजकुमार वर्मा, इंद्राणी मिश्रा मीना पांडे गायत्री ठाकुर मीरा राजपूत मंजू राजपूत सरस्वती साहू तृप्ति नायडू, कु पूजा साहू, अनुपूर्णा राव, शोभा रानी मरकाम आदि ज्ञातव्य हो कि संगठन के निर्देशानुसार और समिति के सेवा एवं रचनात्मक कार्य के अंतर्गत प्याऊ सेवा विगत 30 वर्षों से निरंतर संपादित हो रही है जिसका सकारात्मक परिणाम भी मिलता है। नगर की आध्यात्मिक सेवा कार्यों में अग्रणी जिला चिकित्सालय तथा सेंट्रल जेल द्वारा सम्मानित श्री सत्य साई सेवा समिति के सेवा एवं रचनात्मक कार्य के अंतर्गत पुराना बस स्टैंड में प्याऊ सेवा महापौर अलका बाघमार द्वारा सत्य साई बाबा के तेलचित्र की पूजा आरती कर राहगीरों को शुद्ध शीतलजल प्याऊ घर का महापौर द्वारा प्रदान किया गया।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह आयोजन 11 से 14 अप्रैल, मुख्य अथिति महौपार श्रीमती अलका बाघमार हुईं शामिल

**मेयर ने कहा- बाबा साहब को नमन करते हैं, जिन्होंने संविधान का निर्माण किया है, इसके माध्यम से विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत चल रहा है**



**दुर्ग (विश्व परिवार)।** शंकर नगर स्थित बुद्ध विहार में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर बुद्ध विहार समिति द्वारा भव्य सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मेयर श्रीमती अलका बाघमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई।इस अवसर पर अध्यक्षता समिति अध्यक्ष ज्ञानेश्वर बागड़े ने स्वागत, सत्कार किया।इस अवसर पर मेयर श्रीमती अलका बाघमार ने अंबेडकर जयंती की दी बधाई देते हुए बोले, बाबा साहब को नमन करते हैं, जिन्होंने संविधान का निर्माण किया है। इसके माध्यम से विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत चल रहा है।

बुद्ध विहार समिति शंकर नगर दुर्ग द्वारा सन् 1970 से दुर्ग शहर स्तरीय भारत रत्न डॉ. बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के जयंती समारोह का आयोजन कराया जा रहा है।इस वर्ष 134वीं जयंती समारोह का आयोजन 11 से 14 अप्रैल तक किया जाएगा।

कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य चंद्रशेखर चंद्राकर, पार्षद हर्षिका जैन, सावित्री दमाहे, आशीष चंद्राकर और संजय कोहले उपस्थित रहे।समिति के अध्यक्ष श्री बागडे और महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती संगीता मेश्राम ने आयोजन को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बुद्ध विहार समिति और महिला मंडल का योगदान सराहनीय रहा।

## महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष काले सीएम साय के हाथों सम्मानित

**मंडल की पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी नीता डुमरे का भी अभिनंदन**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** नेहरू युवा केंद्र रायपुर के मंच पर महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले का उनके 40 वर्षों की समाजसेवा को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सम्मान किया। इस मौके पर मंडल की खेलकूद समिति की पदाधिकारी व पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नीता डूमरे को भीम अवार्ड से नवाजा गया।

नेहरू युवा केंद्र छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से रविवार को सुबह सात बजे मरीन ड्राइव तेलीबांधा से घड़ी चौक तिराहा तक आयोजित भीम यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पहुंचे। विशेष अतिथि के रूप में खेलकूद व युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, आरंग के विधायक गुरु खुशवंत साहेब और रायपुर उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा उपस्थित रहे। भीम पदयात्रा शुरू होने से पहले नेहरू युवा केंद्र की ओर से राज्य भर में विभिन्न क्षेत्रों की सात युवा विभूतियों सिमरदीप सयाल, प्रमोद साहू, दुर्गा साहू, दीपांशु नेताम, शिवा मानिकपुरी, माहिरा खान और लक्ष्यदीप चंद्रा का अभिनंदन किया गया। इस बीच मुख्यमंत्री साय ने 40 वर्षों से सामाजिक कार्यों, दिव्यांग बालिकाओं, महिला उत्थान, युवाओं के लिये विशेष कार्य योजना के तहत सेवा देने वाले महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले और स्पोर्ट्स क्षेत्र में पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ीऔर महाराष्ट्र मंडल की खेलकूद समिति की सक्रिय पदाधिकारी नीता डुमरे को बाबाराव भीम अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## छत्तीसगढ़ में व्यापार को मिली नई उड़ान

**दुकान एवं स्थापना अधिनियम 2017 व नियम 2021 लागू, छोटे व्यापारियों को बड़ी राहत**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्य में व्यापारिक सुगमता को बढ़ावा देने एवं श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन ने दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा की शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 2017 तथा नियम, 2021 को 13 फरवरी 2025 से लागू कर दिया गया है। यह अधिनियम श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार की सिफारिश पर तैयार मॉडल शॉप एक्ट के अनुरूप है।

यह अधिनियम राज्य के समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उन दुकानों और स्थापनाओं पर लागू होगा जहां 10 या उससे अधिक श्रमिक कार्यरत हैं। वहीं, जिन प्रतिष्ठानों में 10 से कम कर्मचारी हैं या कोई भी श्रमिक कार्यरत नहीं है, उन्हें इस अधिनियम से पूर्णत: मुक्त रखा गया है। इसका सीधा लाभ छोटे व्यापारियों, दुकानदारों और स्वरोजगार से जुड़े व्यवसायियों को मिलेगा, जिन्हें अब जटिल श्रम कानूनों की बाध्यता से राहत मिल जाएगी।

नए अधिनियम के तहत पंजीयन की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है। प्रत्येक व्यवसायी को 6 माह के भीतर श्रम विभाग के पोर्टल shramevjayate.cg.gov.in पर आवेदन कर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। पंजीयन उपरांत डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। साथ ही, किसी भी प्रकार का संशोधन या दुकान बंद करने की सूचना भी ऑनलाइन माध्यम से दी जा सकेगी। पंजीयन आवेदन के 15 कार्य दिवस के भीतर यदि विभाग द्वारा प्रमाणन नहीं किया जाता, तो डीम्ड रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था लागू होगी, जिससे समयबद्ध प्रक्रिया सुनिश्चित हो सकेगी। अधिनियम के तहत कर्मचारियों को 08 दिवस आकस्मिक अवकाश, 08 दिवस त्यौहारी अवकाश एवं अर्जित अवकाश का लाभ मिलेगा।

## हिमालय की ऊँचाइयों के बीच जहाँ बादल धरती को चूमते हैं और घाटियाँ रहस्य फुसफुसाती हैं

**रायपुर (विश्व परिवार)।** हिमालय की ऊँचाइयों के बीच, जहाँ बादल धरती को चूमते हैं और घाटियाँ रहस्य फुसफुसाती हैं, भारतीय रेल का सपना उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक (USBRL) के रूप में पूरी तरह साकार हो रहा है। इस परियोजना की भव्यता इसके सुरंगों में झलकती है- ये छुपे हुए रास्ते न केवल भूगोल को जीतते हैं बल्कि भविष्य की गति के लिए मार्ग भी प्रशस्त करते हैं। SBRL की 272 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन में से 36 प्रमुख सुरंगें लगभग 119 किलोमीटर को कवर करती हैं। इनमें से कुछ सुरंगें इतनी लंबी और जटिल हैं कि वे इंजीनियरिंग उत्कृष्टता के मील के पत्थर बन चुकी हैं।

**1. T-50- भारत की सबसे लंबी परिवहन सुरंग**

लंबाई- 12.77 किमी, स्थान- सुम्बर-खरी :- T-50 सुरंग, भारत की सबसे लंबी परिवहन सुरंग है, जो कश्मीर घाटी को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाली एक जीवनरेखा बनकर खड़ी है। इसे न्यू टनलिंग मेथड से बनाया गया है, और यह क्वार्टजाइट, ग्नाइस और फिल्लाइट जैसे कठिन चट्टानों से होकर गुजरती है। इसमें एक मुख्य मार्ग के साथ-साथ एक समानांतर सुरक्षा सुरंग है, जो हर 375 मीटर पर क्रॉस-पैसेज से जुड़ी हुई है। निर्माण के दौरान भूस्खलन, अत्यधिक पानी का रिसाव, कमजोर ज़ोन और ज्वालामुखीय चट्टानों की चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इंजीनियरों ने तीन एडिट (प्रवेश सुरंगें) बनाकर एक साथ कई बिंदुओं से खुदाई कर कार्य में तेजी लाई।

**2. T-80- पीर पंजाल में कश्मीर की रीढ़**

लंबाई- 11.2 किमी, स्थान- बनिहाल-काज़ीगुंड :- पीर पंजाल पर्वतमाला के नीचे बनी T-80 सुरंग जम्मू और कश्मीर के बीच साल भर संपर्क सुनिश्चित करती है। यह बर्फबारी और ऊँचाई की बाधाओं को पार करके व्यापार और आवागमन को काफी बेहतर बनाती है, और स्क्कक्रकी 'रीढ़' मानी जा सकती है।



**3. T-34- दोहरी संरचना की इंजीनियरिंग**

लंबाई- 5.099 किमी, स्थान- पाई-खड्डु से अंजी खड्डु :- यह सुरंग दोहरी टनल प्रणाली पर आधारित है- एक मुख्य सुरंग ट्रेन संचालन के लिए और एक समानांतर सुरक्षा सुरंग, जो हर 375 मीटर पर क्रॉस-पैसेज से जुड़ी हुई है। यह भारत के पहले केबल-स्टे रेलवे ब्रिज, अंजी खड्डु पुल से जुड़ी हुई है।

**4. T-33- त्रिकुट की छाया में चुनौतीपूर्ण मार्ग**

लंबाई- 3.2 किमी, स्थान- कटरा-बनिहाल खंड :- T-33 सुरंग, त्रिकुट पर्वत की तलहटी में कटरा-बनिहाल मार्ग का सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सा है। कमजोर डोलोमाइट और मेन बाउंड्री थ्रस्ट ज़ोन से गुजरते हुए इसे बनाने में कई भूगर्भीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। अक्टूबर 2017 में एक बड़ी ढहावट के बाद कार्य रुक गया था। मार्च 2022 में आई-सिस्टम ऑफ टनलिंग को अपनाया गया जिसमें गहरी निकासी प्रणाली, पाइप रूफिंग, केमिकल ग्राउटिंग और मजबूत समर्थन शामिल था। 20 दिसंबर 2023 को इस सुरंग में सफलता पूर्वक breakthrough प्राप्त हुआ।

**5. T-23- तकनीकी नवाचार का उदाहरण**

लंबाई- 3.15 किमीद्व, स्थान- उधमपुर-चक रकवाल :- T-23, इस खंड की सबसे लंबी सुरंग है जिसमें बिना बैलास्ट की ट्रैक प्रणाली है। 2008 में इसमें भारी दबाव, सूजन और नीचे की ओर उठाव जैसी समस्याएँ आईं। विशेषज्ञ हस्तक्षेप के बाद इसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

**6. T-1- उन्नत तकनीक से बनी सुरंग**

लंबाई- 3.209 किमी :- T-1 सुरंग भी मुख्य सीमा रेखा (Main Boundary Thrust) की चुनौतियों से जूझी, जिसमें भारी कीचड़ और पानी का रिसाव शामिल था। आई-सिस्टम ऑफ टनलिंग तकनीक से इन समस्याओं का समाधान किया गया।

**7. T-25- भूमिगत जलधारा से जंग**

लंबाई- 3 किमी :- T-25 सुरंग का निर्माण छह वर्षों तक चला, जिसमें सबसे बड़ी चुनौती 2006 में खुदाई के दौरान खोजी गई भूमिगत जलधारा थी। यह धार 500 से 2000 लीटर प्रति सेकंड पानी बहा रही थी। इस प्राकृतिक चुनौती का सामना करते हुए सुरंग निर्माण सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

USBRL की ये सुरंगें हिमालय की गोद में जीवनरेखाएं हैं, जो कश्मीर को भारत के दिल से जोड़ती हैं। हर सुरंग एक कहानी कहती है- संघर्ष, नवाचार और विजय की। ये सुरंगें न केवल संपर्क का प्रतीक हैं बल्कि भारत की अडिग संकल्प शक्ति की मिसाल भी हैं।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /19775/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 11-04-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 19775
वार्ड का नाम- 02 - जवाहर लाल नेहरू वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 02 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802G01252** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SANTOSH KUMAR KHARE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJESHWARI PRASAD** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SITA PRASAD** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VIKASH PRASAD** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.)**
रा.प्र क्र ./202410031400028/9-21 (1)/2024-25
ग्राम जशपुर, तहसील जशपुर

**इश्तिहार**

एतद द्वारा सर्व संबंधित ग्रामीण जनता **ग्राम जशपुर, प.ह.नं. 07.** तहसील जशपुर के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक **रामूकुमार वर्मा आ. अयोध्या वर्मा, जाति सोनार, निवासी ग्राम जशपुर, तहसील व जिला जशपुर (छ.ग.) मो. नं. 9407793584 के द्वारा ग्राम जशपुर, प.ह.नं. 07 में स्थित व्यपवर्तित भूमि खसरा नं. 504/72 रकबा 0.024 है. में से 0.014 हे. 3 1/2 डिस.** को विक्रय किये जाने की अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय जशपुर के समक्ष आवेदन पत्र पेश किये जाने एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर के माध्यम से इस न्यायालय को प्रकारण जॉच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त मामले की सुनवाई **दिनांक 17.04.2025** को इस न्यायालय में होना नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वत: अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज **दिनांक 03.04.2025** को मेरे हसताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया जावे।

मुहर
**तहसीलदार जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.)**

# सुशासन तिहार के अंतर्गत गाँव चलो, घर चलो के तहत मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का सघन जनसंपर्क

गोपाल सिंह विद्रोही

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सुशासन तिहार के अंतर्गत गांव चलो घर चलो की शुरुआत भगवान बजरंग बली के आशीर्वाद से आरम्भ किये

सर्व प्रथम बिश्रामपुर के हनुमान मंदिर में भगवान बजरंगबली की विधिपूर्वक पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किये इसके बाद ग्राम बिहारपुर पहुंचकर आम लोगो से भेंट की तथा उनकी समस्याओं को जाना तथा अपने सरकार की कई कल्याण कारी योजनाओ की जानकारी दिए

इसके पश्चात ग्राम पंचायत महेशपुर व हीराडबरी मे पहुंचकर लोगो से भेंट मुलाक़ात कर उनके



समस्याओं को जाना

दोपहर का भोजन कृषक हरीलाल सिंह जी के यंहा किये

जनसंपर्क के अगले चरण से पहले लटोरी स्थित शक्तिपीठ माँ कालिमंदिर जाकर दर्शन किये व शक्तिपीठ संस्थापक सुखदेव मुनि से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिए

गाँव चलो, घर चलो अभियान के तहत ग्राम पंचायत द्वारिकानगर एवं छत्तरपुर के ग्राम वासियों से मुलाक़ात कर उनके समस्याओं को जाना व बोली की आप लोगो की कोई भी समस्या हो चाहे बिजली पानी स्वास्थ राशन कार्ड राजस्व किसी भी विभाग का उसे नि: संकोच बतावे

**मै आप लोगो की ही बहन बेटी हुँ** – इतना सहज सरल मंत्री को अपने बिच पाकर आम जनता काफी खुश हुए तथा अपने बातों को बिना झिझक के बताये!

आज मंत्री का तीखा तेवर भी देखने को मिला ज़ब लापरवाह अधिकारियों के ऊपर नारजगी व्यक्त कर सुधार करने की सख्त निर्देश दिए!

इस कार्यक्रम मे मुख्यरूप से जनपद अध्यक्ष स्वाती संत सिंह उपाध्यक्ष मनमत बच्चाड़ जिला पंचायत सदस्य किरण केराम जिला उपाध्यक्ष महेश्वर पैकरा मंडल अध्यक्ष ठाकुर पैकरा युवा मोर्चा अध्यक्ष रविंद्र भारती जनपद सदस्य दशरथ सिंह मोहन लाल चेरवा संजु सिंह धन् कुमार पैकरा सरपंच ज्ञान चंद सिंह कँवल बिहारी सिंह कमला सिंह नीरूपा सिंह सुरजीत सिंह घर भरन सिंह जनपद सीईओ बिनोद सिंह बीएमओ डॉ अमित भगत एवीओ गिरवर धारी यादव सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी व भारी संख्या मे आम जनता उपस्थित रहें

# अधिवक्ता बलराम शर्मा ने सूरजपुर जिला बार एसोसिएशन का अध्यक्ष निर्वाचित बधाई देने का लगा तांता

## प्रचंड बहुमत से जीत पर नए अध्यक्ष ने अधिवक्ताओं को किया धन्यवाद ज्ञापित



**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)**– बिश्रामपुर के रहने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता बलराम शर्मा सूरजपुर जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में अपने प्रतिद्वंदी गिरिजा शंकर मिश्र को से 47 मतों से परास्त कर अध्यक्ष का गरिमामय जिम्मेदारियां अपने नाम की।

जुझारू एवं प्रखर वक्ता सूरजपुर जिला न्यायालय का वरिष्ठ अधिवक्ता बलराम शर्मा संपन्न हुए बार एसोसिएशन के चुनाव में अपने प्रतिद्वंदी एवं पूर्व में अध्यक्ष रहे गिरजा शंकर मिश्र को 47 मतों से परास्त अपने हर का बदला ले ली। जिला अधिवक्ता संघ का अध्यक्ष बने श्री बलराम शर्मा पिछले चुनाव भी मात्र दो वोट से हार गए थे परंतु हिम्मत नहीं हारी इस बार हुए चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी कि उस पंक्तियों को अधिवक्ता बलराम शर्मा ने चरितार्थ किया कि हार नहीं मानूंगा राड़ नहीं ठानूंगा काल के कपाल पर लिखता मिटाता हूं मैं–। बहरहाल प्रतिष्ठा पूर्ण हुए अधिवक्ता संघ के चुनाव में मतदान में कुल 223 सदस्यों में 217 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया ।इस महत्वपूर्ण चुनाव में वर्तमान अध्यक्ष गिरिजा शंकर मिश्रा और बलराम शर्मा दोनों के बीच टक्कर थी जिसमें अधिवक्ता बलराम शर्मा को 132 एवं गिरजा शंकर मिश्र को 85 मत मिले इस प्रकार 47 मतों से जीत कर पिछले चुनाव में दो मत से हर की अपनी कसक निकली।

वरिष्ठ अधिवक्ता बलराम शर्मा को जिला अधिवक्ता संघ की निर्वाचन में प्रचंड बहुमत जीत मिलने पर उनके निवास विश्रामपुर शांति नगर में शुभचिंतकों का बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। बधाई देने वालों में अजय सिंह थापा, नगर पंचायत अध्यक्ष शिवनंदनपुर के के गोयल, अंशु गोयल, नगर पंचायत बिश्रामपुर के उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान सहित राज किशोर चौधरी ,गोपाल सिंह विद्रोही, पुष्पेंद्र सिंह,अमित गोयल आदि लोग शामिल हुए होकर इस जीत के लिए पुष्प बुक से बधाई दी।

अपनी प्रचंड बहुमत से जीत पर अधिवक्ता बलराम शर्मा ने बार एसोसिएशन के सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सदस्यों के सलाह सहयोग से करेंगे हर समस्या का निदान।

# छत्तीसगढ़ फिर हुआ शर्मसार, न्यायधानी में नाबालिग से फिर अनाचार

**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग में अभी हाल ही में एक 6 साल की बच्ची से रेप और हत्या की घटना सामने आई थी। जिसके बाद अब बिलासपुर में 14 साल की बालिका को धमकी देकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। दरअसल ये 14 साल की बच्ची नानी के घर में रहकर ही अपनी पढ़ाई करती है। जिसे घर में अकेले पाकर ड्राइवर जान से मारने की धमकी देकर तीन दिन तक अनाचार करता रहा। इस घटना की सुचना मिलते ही मां की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के मुताबिक 14 साल की बालिका बचपन से अपनी नानी के घर में पढ़ाई कर रही है। तोरवा बूटापारा निवासी हार्दिक खान रेलवे के एक अधिकारी की गाड़ी चलाता है, जिसके कारण उसकी बालिका की नानी से जान पहचान हो गई और उसका घर आना जाना था। परीक्षा समाप्त होने के बाद बालिका अपने घर चली गई थी। जिसके बाद वह वापस 4 अप्रैल को नानी के घर लौटी। और 7 अप्रैल को हार्दिक खान उनके घर गया और बालिका के अकेले रहने का फायदा उठाते हुए उसके साथ अनाचार किया। उसने घटना के संबंध में किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी देकर लगातार 8 व 9 अप्रैल को शारीरिक संबंध बनाया। बच्ची ने डर से घटना की जानकारी अपनी नानी को नहीं दी। बालिका की मां 10 अप्रैल को आई तो पीड़िता ने घटना की जानकारी दी। उसके बाद मां अपनी बेटी को लेकर सिरगिट्टी थाना गई और घटना की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल उनकी रिपोर्ट पर तोरवा बूटापारा में दबिश देकर ड्रावइर हार्दिक खान को पकड़कर थाने ले आए। पुलिस ने बीएनएस की धारा 64, 2, 351, 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

# ट्रैलर पलटने से सड़क पर बिखर गया राखड़–वाहन चालक घायल

**कोरबा (विश्व परिवार)।** दर्री से राखड़ लेकर पाली की ओर आ रही ट्रैलर पाली के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग के ग्राम पाली–कोसाबाड़ी के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। उक्त घटना में वाहन चालक घायल हो गया। उसे राहगीरों की मदद से पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वाहन के पलटने से इसमें लोड राखड़ सडक पर बिखर गया। लोगों ने बताया कि वाहन चालक का नियंत्रण अचानक खो गया इससे यह हादसा हुआ। उल्लेखनीय हैं की कोरबा में विभिन्न कंपनियों का राखड़ बांध स्थित है। यहां से रोजाना भारी मात्रा में राख को ट्रैलर या हाइवा पर लोड कर अलग–अलग दिशाओं में भेजा जा रहा है। इस कार्य में कई ट्रांसपोर्ट कंपनियां शामिल हैं, जो भाड़े पर गाड़ी लेकर राख का परिवहन कर रही है, लेकिन आरोप हैं की तय मापदंडों के अनुसार राख का परिवहन नहीं हो रहा है। इससे लोगों के लिए गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। सबसे गंभीर स्थित वायु प्रदूषण को लेकर हो रही है। यहां से राख लेकर आने–जाने वाली अधिकतर गाड़ियां तिरपाल से सही तरह राख को नहीं ढंक रही है। जिस मार्ग से ये गाड़ियां आना–जाना करती हैं उस पर राख उड़ रही है और लोगों के चलने से राख के कण लोगों के आंख में समा जाते हैं। सांस से फेफड़ों में पहुंच रही है इससे समस्या हो रही है। पहले से कोरबा जिले में यत्र–तत्र राख फेंका गया है, यह भी एक अन्य गंभीर समस्या है।

# बजरंग दल बिश्रामपुर ने श्री हनुमान जयंती पर किया सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ





गोपाल सिंह विद्रोही

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)**– बजरंग दल विश्रामपुर द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव पर बस स्टैंड स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के बगल में बजरंग दल के कार्यकर्ता द्वार सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया एवं श्रद्धालुओं में खिचड़ी एवं मीठा जल रूपी प्रसाद वितरण किया गया।

जानकारी के अनुसार वाराणसी के प्रसिद्ध युवा कथावाचक पंडित चंद्रेश महाराज जी के द्वारा श्री हनुमान चालीस पाठ एवं आरती कराया गया आरती के पश्चात महाप्रसाद वितरण किया गया। महाप्रसाद में मीठा जल ,लस्सी, खीरा ,तरबूज , खिचड़ी का वितरण किया गया। हनुमान चालीसा से पूर्व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा सफाई कर्मचारियों को भगवा गमछा पहाना कर सम्मान किया गया । इस पुनीत कार्यक्रम को सफल बनाने मे सुजीत सिंह, विपुल सिंह, रंजीत यादव, आदित्य गिरी , आशीष ठाकुर, सावन देवांगन ,शेखर, भूपेन्द्र राजवाड़े, हिमांशु राजवाड़े, शरद पिंटू ,विजय ,निखिल, सुमित भगत, संजय केसरवानी ,राजेश साहू, चंदन गुप्ता ,धनंजय सिंह, सौरभ सिंह ,अरविंद मालाकार, कमलेश ,अभय जयसवाल, अविनाश.देवा ,अश्विनी, मुकेश , सूरज कुशवाह ,राहुल, मनोज, विक्रम ,सुजीत, बजरंग, सोनू, आदि कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

**बजरंग दल व दुर्गा वाहिनी का संयुक्त आयोजन** – श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी बिश्रामपुर जिला सूरजपुर के द्वारा पुलिस थाना जयनगर में पूजा अर्चना सुंदरकांड सामुहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और श्री हनुमान चालीसा का पुस्तक 500 वितरण किया गया एवं विशाल भंडारा महाप्रसाद का आयोजन किया गया सभी सर्व हिन्दू समाज को सादर आमंत्रित किया गया। पुलिस थाना जयनगर के थाना प्रभारी श्री नरेन्द्र सिंह जी एवं सभी स्टाफ का बहुत सहयोग रहा एवं बजरंग दल के जिला संयोजक प्रहलाद निषाद, प्रखंड संयोजक गिरजा शंकर कसेर, प्रखंड सह संयोजक सतेन्द्र (बाबू), प्रखंड सुरक्षा प्रमुख नीरज राजवाड़े, भानू राजवाड़े, अंजीत सिंह, रूपेश उपाध्याय, दिनेश राजवाड़े, आशीष राजवाड़े, राजेन्द्र निषाद, भूपेन्द्र राजवाड़े, हरिश राजवाड़े, शरद राजवाड़े, अंगद राजवाड़े, करन निषाद, अर्जुन सिंह, बेद प्रकाश, प्रवीण, चन्दन, एवं दुर्गा वाहिनी के विभाग संयोजिका रचना सिंह, जिला संयोजिका शशि राजवाड़े, अंजली राजवाड़े, अनिता राजवाड़े, रितु राजवाड़े सभी का बहुत ही सहयोग रहा।

# दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान प्रगट उत्सव का आयोजन कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े पहुंची राम दरबार में

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)**– कोयलांचल का धार्मिक आस्था का केंद्र विश्रामपुर स्थित दक्षिण मुखी संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्म उत्सवका धूम चल रहा है ,कई भजन मंडलीय हनुमान पाठ एवं रामचरित्र मानस गान में रामी हुई है। विशाल भंडारा का आयोजन चल रहा है। विविध धार्मिक आयोजन का सिलसिला जारी है। मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ा हुआ है भक्तों का भीड़ काफी देखी जा रही है।

आज प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े भी अपने समर्थकों के साथ उक्त मंदिर पहुंच कर माथा टेका एवं प्रभु श्री हनुमान जी का





आशीर्वाद प्राप्त किया । विश्रामपुर बस स्टैंड स्थित दक्षिण मुखी श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन चल रहा है जिसमें विविध कार्यक्रम का आयोजन जारी है बीते कल 11 अप्रैल को प्रात: 9 बजे अखंड रामायण, अभिषेक शास्त्राचन, प्रभु हनुमान जी का अभिषेक कार्यक्रम संपन्न हुआ ।आज शनिवार 12 अप्रैल को 9 बजे से शास्त्राचन पूजन अभिषेक हवन एवं अखंड रामायण पाठ का समापन हुआ। दोपहर 1 बजे से अखंड भंडारा का आयोजन चलाता रहा जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु हनुमान जी का मंदिर पहुंचकर माथा टेका जिसमें प्रदेश के महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े भी शामिल हुई।

आज दक्षिण मुखी श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में आचार्य गर्ग जी महाराज ,मंदिर के मुख्य पुजारी भोला जी महाराज द्वारा आरती एवं समस्त पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया

।इस मंदिर का मुख्य विशेषता यह है कि एक ही परिसर में श्री राम दरबार एवं स्फटिक शिवलिंग स्थापित है जहां भक्त एक साथ भगवान श्री राम दरबार, भोले भंडारी शिव शंकर एवं संकट मोचन हनुमान जी का दर्शन करते हैं। आज के आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति से जुड़े सुभाष गोयल, नगर पंचायत शिवनंदनपुर अध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल, दिनेश गोयल, विजय गोयल ,खजान चंद जिंदल, आत्माराम मित्तल ,सुशील जैन, मोहन गोयल, विकास गोयल, रामलाल सोनी,सीती कांत स्वाई, हनुमान राही मिथिलेश सिंह, अवधेश सिंह आदि लोग आयोजन को संपन्न कराने में लगे रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा बिश्रामपुर का चुनाव संपन्न दलजीत सिंह अध्यक्ष जसवीर सिंह सचिव बनाए गए





**सूरजपुर ( दैनिक विश्व परिवार )**–आज गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा बिश्रामपुर के पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का चुनाव संपन्न हुआ। गुरुद्वारा कमेटी के संचालक रणवीर सिंह भामरा , मनजीत सिंह सोहेल की उपस्थिति में उक्त नवीन कमेटी का गठन किया जिसमें सरदार दलजीत सिंह अध्यक्ष ,सरदार जसवीर सिंह टीटे सचिव, सरदार इंद्रजीत सिंह कोषाध्यक्ष सर्वसम्मति से बनाए गए। कमेटी में संरक्षक चार क्रमश: बख्शीश सिंह मान,अमर सिंह सतपता वाले ,परमजीत सिंह वराडुग्गू वाले, रामदास सिंह, रणवीर सिंह भामरा, अध्यक्ष सरदार दलजीत सिंह ,उपाध्यक्ष 4 क्रमश: अवतार सिंह मान ,मनजीत सिंह भामरा, बलवीर सिंह वीरे ,प्रताप सिंह ताबू, सचिव जसवीर सिंह टीटे , सहचिव दलबीर सिंह, परमजीत सिंह प्रेस प्रवक्ता ,मनी बग्गा, परमजीत सिंह जूनियर, कोषाध्यक्ष, इंद्रजीत सिंह पप्पू सह कोषाध्यक्ष इंद्र राज सिंह भामरा ,सहायक कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह जूनियर, ऑडिटर, मनजीत सिंह सोहेलअधिवक्ता ,प्रिंस राज सिंह ढिल्लों ,स्टोर कीपर, निंदर सिंह रिंकू, कुलदीप सिंह राजा ,स्टेट सेक्रेटरी मनप्रीत सिंह सोहेल सहित इक्कीस सदस्यी कार्यकारिणी की घोषणा की गई है।

### आज 14 अप्रैल को सामाजिक समरसता दिवस के अवसर पर सूरजपुर ऑडिटोरियम में आयोजित है कई कार्यक्रम

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर सामाजिक समरसता दिवस कार्यक्रम सूरजपुर ऑडिटोरियम तिलसिवां में दोपहर 1:30 बजे आयोजित किया जायेगा।यह आयोजन सामाजिक एकता, समरसता एवं डॉ. अंबेडकर जी के विचारों के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में डिजिटल सुविधा केंद्र के संचालन हेतु ग्राम पंचायत के सरपंच एवं वीएलई के मध्य एम ओ यू कराना, प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत मोर दुवार, साय सरकार अभियान का शुभारंभ, मुख्य अतिथियों का उद्बोधन इत्यादि प्रमुख गतिविधियां रहेगीं । कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगें ।

### युवक ने अपने ही हाथों से काटा अपना गला

**जांजगीर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले में एक युवक ने अपने ही हाथ से अपना गला काट दिया. उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. यह घटना शुक्रवार रात की है. सिटी कोतवाली पुलिस घटना की जांच में जुटी है.जानकारी के मुताबिक, मृतक दीपक महंत पंतोरा चौकी के गतवा गांव का रहने वाला है. परिजनों के मुताबिक, दीपक शराब पीने का आदी था और मानसिक रूप से कमजोर था. वह अपनी पत्नी के साथ कोरबा से कल ही शांति नगर जांजगीर में रहने वाले माता–पिता से मिलने पंहुचा था. पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंपा जाएगा.

### पुलिस ने घायल व्यापारी को पहुंचाया अस्पताल

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** बीती रात बलौदाबाजार में सड़क हादसा हुआ है, जब युवा व्यापारी रायपुर से वापस आ रहा था. इस बीच अज्ञात वाहन ने उनकी कार को टक्कर मारकर फरार हो गया. व्यापारी की किस्मत अच्छी रही कि घटना के कुछ समय बाद बलौदाबाजार में पदस्थ पुलिस आरक्षक लक्ष्मी नारायण गायकवाड़ घटना स्थल पर रुककर उनकी जान बचाई. आरक्षक लक्ष्मीनारायण अपनी ड्यूटी पर आ रहा था. उन्होंने दुर्घटना की स्थिति को देखकर तत्काल घायल व्यापारी को कार से बाहर निकाला और जिला चिकित्सालय पहुंचाया. प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे रायपुर रेफर किया. वहीं घायल युवक के मोबाइल से उसके परिजनों को सूचना दी गई. पुलिस आरक्षक की तत्परता से व्यापारी युवक को तत्काल चिकित्सा सुविधा मिल पाई. पुलिस आरक्षक की इस सहायता की सभी प्रशंसा कर रहे हैं।

# संपादकीय

## पारदर्शिता सुनिश्चित करने बड़ा कदम....

जज के निवास पर भारी मात्रा में नोटों के मिलने के विवाद के बाद सुप्रीम कोर्ट ने न्यायाधीशों के बारे में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अब पदभार ग्रहण करने के बाद सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपनी संपत्ति सार्वजनिक रूप से घोषित करने पर न्यायाधीशों ने सहमति जताई है। जजों की पूर्ण बैठक में यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। यह खुलासा पूर्णतया स्वैच्छिक होगा। देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना सहित सर्वोच्च न्यायालय के तैंतीस जजों में से तीस जजों ने अपनी संपत्ति की घोषणा की। पूर्ण पीठ द्वारा संकल्प लिया गया कि जब भी कोई महत्त्वपूर्ण अधिग्रहण किया जाए तो इसकी घोषणा मुख्य न्यायाधीश के समक्ष करनी चाहिए। हालांकि यह विवरण सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास से आग लगने की घटना के बाद कथित तौर पर मिली नगदी के बाद यह बड़ा निर्णय लिया गया है। न्यायपालिका में पारदर्शिता और लोगों का विश्वास बनाए रखने की लिहाज से यह कदम दूरगामी साबित हो सकता है। यह प्रस्ताव सभी भावी जजों पर लागू होगा। हाई कोटरे को भी इसका अनुसरण करना चाहिए। 1977 में भी इसी तरह के प्रस्ताव रखे जाने के बावजूद इन पर अमल नहीं लाया जा सकता था। चूंकि बीते दिनों उठे विवादों को लेकर काफी चिंता व्यक्त की जा रही है, इसलिए उम्मीद की जा सकती है कि इस घोषणा की उपेक्षा नहीं की जाएगी। यूं तो राजनेताओं के पास मिलने वाली आय से अधिक संपत्ति के बाद संपत्ति की घोषणा भले ही की जा रही है मगर उसे जनता द्वारा संदेह की नजर से ही देखा जाता है। दूसरे, उन्होंने यह संपत्ति कहां से और कैसे अर्जित की, यह सवाल खड़ा ही रहता है। जीवन साथी या परिवार के अन्य सदस्यों के नाम जमा राशि या जमीन-जायदाद के मामले किसी से छिपे नहीं हैं। भ्रष्टाचार व काले धन को लेकर मोदी सरकार सत्ता में आने से पहले जितनी मुखर थी, अब उतनी मौन ओढ़े है। बहरहाल, सबसे बड़ी अदालत ने अनाप-शनाप काला धन कबाड़ने वालों को बड़ा संकेत दिया है। इस मसले में सरकार से नाउम्मीद हो चुकी जनता का अदालत पर भरोसा तो बढ़ेगा ही, साथ ही नई उम्मीद भी जाग सकती है।

# बिम्सटेक-क्षेत्रीय सहयोग का प्रभावी मंच

डा. अश्विनी महाजन

आज जब दुनिया भर के देशों के बीच विभिन्न प्रकार के अवरोध और असमंजस बढ़ रहे हैं, भारत की लुक ईस्ट पॉलिसी के तहत इस क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग संगठन का महत्व और बढ़ जाता है। भारत ने पिछले एक दशक में जो तकनीकी और आर्थिक प्रगति की है, इस क्षेत्र के लोग उससे प्रभावित हैं। कनेक्टिविटी का मामला हो अथवा डिजिटाइजेशन की बात हो, भारत आज इस स्थिति में है कि इस क्षेत्र के देशों को मदद कर सके कुछ दिन पूर्व भारत के प्रधानमंत्री ने सात एशियाई देशों के संगठन बिम्सटेक के बैंकॉक में आयोजित छठे शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया और इन देशों के बीच बेहतर जुड़ाव, आर्थिक और डिजिटल संबंधों को प्रगाढ़ करने हेतु आह्वान किया। गौरतलब है कि बिम्सटेक में बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के 2024 के अनुमानों के अनुसार ये देश कुल 5.23 ट्रिलियन अमरीकी डालर की जीडीपी का उत्पादन करते हैं, जिसमें स्वभाविक तौर पर भारत का योगदान सर्वाधिक है। यह बंगाल की खाड़ी से तटवर्ती या समीपी देशों का एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग संगठन है। खास बात यह है कि पाकिस्तान इस संगठन का सदस्य देश नहीं है। हालांकि यह संगठन 27 साल से भी अधिक समय से चल रहा है, शुरुआत में जून 1997 में इसका गठन बिस्टेक के नाम से हुआ, यानी बांग्लादेश, इंडिया, श्रीलंका और थाईलैंड इकोनॉमिक कॉओपरेशन। थोड़े ही समय बाद दिसंबर 1997 में इसमें म्यांमार को शामिल करते हुए इसका नाम बिम्सटेक हो गया। फरवरी 2004 में नेपाल और भूटान इसके सदस्य बन गए और इसका नाम तो बिम्सटेक ही रहा, लेकिन उसे अब 'बे ऑफबंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी सेक्टोरल टेकनिकल एंड इकोनॉमिक कॉओपरेशन' के नाम से जाना जाने लगा। अभी तक पूर्व में इसके शिखर सम्मेलन क्रमश: थाईलैंड, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका में होने के बाद 2 से 4 अप्रैल 2025 में इसका छठा शिखर सम्मेलन थाईलैंड के बैंकॉक में आयोजित हुआ। गौरतलब है कि भारत के पड़ोसी देशों का एक संगठन सार्क है। सार्क यानी साऊथ एशियन एसोसिएशन फॉर रिजनल कोओपरेशन, दक्षिण एशिया के देशों भारत, बांग्लादेश, भूटान, मालद्वीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका, कुल सात



देशों का संगठन के रूप में 1985 में बना। 2007 में इसमें अफगानिस्तान शामिल हुआ। सार्क के 9 पर्यवेक्षक देश भी हैं, जिसमें यूरोपीय संघ, संयुक्त राज्य अमरीका, ईरान और चीन भी शामिल हैं। सार्क देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के लिए साऊथ एशियन प्रफ्रेंशिएल ट्रेड एग्रीमेंट, यानी साप्टाय और साऊथ एशियन फ्री ट्रेड एरिया, यानी साफ्टा नाम के दो समझौते क्रमश: 1995 और 2004 में हुए। इन समझौतों का उद्देश्य इस क्षेत्र में लोगों की भलाई के लिए व्यापार और विकास को बढ़ावा देना था। शुरुआती दौर से ही सार्क में कुछ विवाद रहा, क्योंकि पाकिस्तान ने भारत के विरुद्ध छोटे देशों को भडका कर उसे बदनाम करने का काम करना शुरू कर दिया था। पाकिस्तान के इस रुख को देखते हुए 1992 से शुरू 'लुक ईस्ट पॉलिसी' के तहत बिम्सटेक को बढ़ावा देने का काम शुरू किया। 1997 में इंडियन ओसिएन रिम एसोसिएशन, वर्ष 2000 में मैकांग गंगा कोओपरेशन और 2015 में बांग्लादेश, भूटान, भारत और नेपाल ट्रांसपोर्ट एग्रीमेंट करते हुए बिम्सटेक को मजबूत करने का काम किया। गौरतलब है कि भारत के सार्क से विमुख होने के बाद सार्क का महत्व ही समाप्त हो गया और पिछले 10 सालों से भी ज्यादा समय से इसका एक भी शिखर सम्मेलन नहीं हुआ। गौरतलब है कि बिम्सटेक में शामिल भारत के पड़ोसी या समीपवर्ती सातों देश विकासशील देश हैं। इन देशों में आर्थिक और जनसंख्या के नाते सबसे बड़ा देश भारत है। आज जब दुनिया भर के देशों के बीच विभिन्न प्रकार के अवरोध और असमंजस बढ़ रहे हैं, भारत की लुक ईस्ट पॉलिसी के तहत इस क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग संगठन का महत्व और बढ़ जाता है। भारत ने पिछले एक दशक में जो तकनीकी और आर्थिक प्रगति की है, इस क्षेत्र के लोग उससे प्रभावित हैं। कनेक्टिविटी का मामला हो अथवा डिजिटाइजेशन की बात हो, अथवा अंतरिक्ष के क्षेत्र में सहयोग का मामला हो, भारत आज इस स्थिति में है कि इस क्षेत्र के देशों को मदद कर सके। भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति और सॉफ्ट पावर दोनों ही उसे इस क्षेत्र के नेतृत्व हेतु बिम्सटेक में सर्वाधिक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाते हैं। यही कारण है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बिम्सटेक के छठे शिखर सम्मेलन में दिया गया भाषण खास महत्व रखता है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक को दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब बिम्सटेक क्षेत्रीय सहयोग, समन्वय और विकास हेतु एक प्रभावी मंच बन चुका है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक के एजेंडा और क्षमता को और मजबूत करने हेतु आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने बिम्सटेक में संस्थान और क्षमता निर्माण की दिशा में भारत के नेतृत्व में कई पहलों की घोषणा भी की। इनमें आपदा प्रबंधन, सतत समुद्री परिवहन, पारंपरिक चिकित्सा और कृषि में अनुसंधान और प्रशिक्षण पर भारत में बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करना शामिल है। उन्होंने युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए एक नए कार्यक्रम की भी घोषणा की, जिसके तहत पेशेवरों, छात्रों, शोधकर्ताओं, राजनयिकों और अन्य लोगों को प्रशिक्षण और छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। उन्होंने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना में क्षेत्रीय आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए भारत द्वारा एक पायलट अध्ययन और क्षेत्र में कैंसर देखभाल के लिए एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम की भी पेशकश की। अधिक क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण का आह्वान करते हुए, प्रधानमंत्री ने बिम्सटेक चौंबर ऑफकॉमर्स की स्थापना और भारत में हर साल बिम्सटेक बिजनेस समिट आयोजित करने की भी पेशकश की। क्षेत्र को एक साथ लाने वाले ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री ने लोगों से लोगों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए कई पहलों की घोषणा की। भारत इस वर्ष बिम्सटेक एथलेटिक्स मीट की मेजबानी करेगा और 2027 में जब समूह अपनी 30वीं वर्षगांठ मनाएगा, तब पहले बिम्सटेक खेलों की मेजबानी भी भारत करेगा। यह बिम्सटेक पारंपरिक संगीत महोत्सव की मेजबानी भी करेगा। क्षेत्र के युवाओं को करीब लाने के लिए प्रधानमंत्री ने यंग लीडर्स समिट, हैकाथॉन और यंग प्रोफेशनल विजिटर्स प्रोग्राम की घोषणा की। अब जबकि पाकिस्तान के नकारात्मक रवैये के कारण सार्क मृतप्राय हो चुका है, और बिम्सटेक नए क्षेत्रीय समूह के रूप में उभरा है, जिसमें भारत एक प्रमुख शक्ति है, जहां क्षेत्र के विभिन्न देश अंतरिक्ष क्षेत्र, भुगतान प्रणाली, डिजिटलीकरण, औद्योगिकीकरण और अन्य में सहयोग के लिए भारत की ओर देख रहे हैं, यह भारत को इस क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाने का एक नया अवसर देता है, जहां चीन बुनियादी ढांचे और अन्य तरीकों से हावी होने की कोशिश कर रहा है। श्रीलंका सहित पड़ोसी देशों की प्रधानमंत्री की यात्रा एक संकेत है कि भारत अपने पड़ोसी देशों के साथ सहयोग विकसित करने के बारे में गंभीरता से सोच रहा है। इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए इसका भू-राजनीतिक महत्व भी है। क्योंकि चीन भी इस क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। बिजनेस समिट, यंग लीडर्स समिट, बिम्सटेक चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना, खेल आयोजन और ऐसे अन्य उपायों के रूप में बिम्सटेक देशों के साथ नियमित बातचीत, क्षेत्र के देशों के बीच आर्थिक सहयोग बेहतर करने में लंबा रास्ता तय कर सकती है।

# आलेख

## मुद्रा योजना विकसित भारत तक ले जाने वाला सोपान

अखिलेश झा

विकसित भारत के लक्ष्य में जितनी बड़ी भूमिका बड़े उद्यमों की है, उतनी ही महत्त्वपूर्ण भूमिका छोटे एवं मंझोले उद्यमों की भी। समावेशी विकास, गांवों-कस्बों में खेती से इतर रोजगार के अवसर के सृजन, किसानों के लिए मूल्य-संवर्धित सेवाओं के विकल्प और अर्थव्यवस्था में महिलाओं की अपेक्षित भागीदारी के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था में सबसे अपेक्षित पहल थी छोटे-मंझोले उद्यमों के लिए सुलभ वित्तपोषण की। इस अपेक्षा को यथार्थ में बदला प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने, जो अपनी सफलता का आज पहला दशक पूरा कर रही है। 2015 में शुरू हुई 'प्रधानमंत्री मुद्रा योजना' के तहत अबतक 52 करोड़ से अधिक ऋण दिए गए हैं। इस योजना ने भारतीय अर्थव्यवस्था को दस करोड़ से भी अधिक नये कारोबारी दिए हैं, जो प्रतिशत में 20 से भी अधिक हैं कुल ऋणलाभुकों के। इन नये कारोबारियों को दिया गया कुल ऋण दस लाख करोड़ से भी अधिक का है। ये आंकड़े न सिर्फ भारतीय उद्यम के बदलते चेहरे को दर्शाते हैं, बल्कि भारतीय बैंकिंग प्रणाली की प्रगतिशील सोच एवं पहुंच को भी दिखाती है। इस योजना के तहत पचास हजार रु पये के ऋण से लेकर बीस लाख रु पये तक के ऋण न सिर्फ भारतीय बाजार में नये उद्यमों और नये उद्यमियों के लिए जगह बना रहा है, बल्कि रोजगार के लिए भी करोड़ों अवसर पैदा कर रहा है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के एक अध्ययन के मुताबिक वर्ष 2015 से 2018 के बीच तीन वर्षो में लगभग 1.12 करोड़ नये अतिरिक्त रोजगार के अवसर सृजित हुए थे। इस दौरान लगभग 5.55 लाख करोड़ रुपये के ऋण दिए गए थे इस योजना के तहत। यदि इस सह-संबंध को अबतक दिए गए 32.40 लाख करोड़ के ऋण के अनुसार देखा जाए, तो पिछले एक दशक में लगभग 7 करोड़ अतिरिक्त रोजगार के अवसर सृजित हुए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की वजह से। मुद्रा योजना ने न सिर्फ उद्यम का स्वरूप बदला है, उद्यमियों के भी प्रोफाइल में गुणात्मक परिवर्तन किए हैं। इस योजना के तहत लगभग 35 करोड़ महिलाओं के खाते में ऋण दिए गए हैं। इस तरह मुद्रा योजना के तहत लाभार्थी उद्यमियों में महिलाओं का प्रतिशत दो तिहाई से भी अधिक है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था के साथ-साथ भारतीय समाज-व्यवस्था में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को भी इंगित करता है। सामाजिक वर्ग के हिसाब से देखा जाए, तो इस योजना के तहत 8.5 करोड़ ऋण के खाते अनुसूचित जनजातियों के थे, लगभग 3 करोड़ अनुसूचित जनजातियों के और 14 करोड़ से भी अधिक खाते अन्य पिछले वर्ग के उद्यमियों के थे। इस योजना के तहत 5.6 करोड़ उद्यमी अल्पसंख्यक थे, जिन्हें लगभग 3 लाख करोड़ रु पये का ऋण बैंकों द्वारा दिया गया। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की सफलता एवं लोकप्रियता की वजह समझनी हो, तो एक आंकड़ा इसे सबसे बेहतर स्पष्ट कर देता है। इस योजना के तहत 52 करोड़ बैंक खातों के लिए 33.19 लाख करोड़ रुपये के ऋण विभिन्न बैंकों द्वारा स्वीकृत किए गए 2015 से अभी तक। उस 33.19 लाख करोड़ रु पये की ऋण-स्वीकृति में से 32.40 लाख करोड़ रु पये के ऋण जारी किए जा चुके हैं। जाहिर है, इस योजना की निगरानी सभी स्तरों पर प्रभावी रूप में हो रही है। इस मुद्रा योजना ने भारतीय बाजार के स्वरूप को भी बड़े सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। इसे एक आंकड़े से समझा जा सकता है। इस योजना के 'शिशु' श्रेणी में, जिसमें अधिकतम ऋण 5०० रु पये का दिया जाता है, उसमें 2015-16 में ऋण का औसत आकार मात्र 19411 रु पये था, जो बीते साल में लगभग दुगुना हो गया-37400 रुपये। इस मुद्रा योजना के तहत 'शिशु' श्रेणी में ही तीन चौथाई से अधिक ऋण दिए गए हैं। इससे साफ स्पष्ट होता है कि बैंकों ने नये-नये उद्यमियों का स्वागत उद्यम-जगत में किया है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने भारतीय भूभाग के पूरे फैलाव को बड़े रोचक तरह से प्रभावित किया है। एक तरफ इसने पिछड़े राज्यों में नये उद्यमियों की पौध खड़ी की है, तो वहीं विकसित राज्यों में भी उद्यमियों का नये तरीके से वित्तपोषण किया है। इस योजना के तहत सबसे अधिक 5.91 करोड़ ऋण के खाते बिहार में हैं और उसके बाद 5.80 करोड़ खाते तमिलनाडु में।

# वक्फ संशोधन के विरुद्ध याचिकाओं की प्रतिस्पर्धा शुरू

अवधेश कुमार

वक्फ संशोधन के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में याचिकाओं की प्रतिस्पर्धा शुरू हो चुकी है। इस संशोधन के दोनों सदनों में पारित होने के अगले दिन से ही उच्चतम न्यायालय में याचिकाएं जाने लगीं। एक साथ तीन तलाक, नागरिकता संशोधन कानून और अनुच्छेद 370 हटाए जाने के विरु द्ध भी हमने यही देखा। इन सभी मामलों की न्यायिक परिणति देश के सामने है। हमारे सामने दो दृश्य भी हैं। लोक सभा में बहस के पूर्व सभी पार्टियों ने व्हिप जारी कर दिया था। राज्य सभा में गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट घोषणा की कि सांसद स्वतंत्र हैं, व्हिप नहीं है, वे जैसे चाहें मतदान करें। इसके बावजूद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की संख्या से ज्यादा मत विधेयक के समर्थन में आए। इसके कोई निहितार्थ हैं या नहीं? दोनों सदनों में बहस और मतदान के दौरान देश में समर्थन और विरोध, दोनों में मुसलमान उतरे। उन दो दिनों में समर्थकों की संख्या भी काफी ज्यादा थी। अलग-अलग धार्मिक संस्थाओं और संगठनों ने खुल कर विधेयक का समर्थन किया। इनमें वे मुस्लिम मजहबी नेता और संस्थाओं के प्रमुख भी शामिल थे जो पहले वक्फ में किसी प्रकार के संशोधन का घोर विरोध करते थे। ऐसे विषयों पर सुधार और परिवर्तन के संवैधानिक कानूनी कदमों के विरु द्ध प्रचार और रोकने की कोशिश पहली बार नहीं है। वक्फ कानून, उससे संबंधित बोर्ड और ट्रिब्यूनल या न्यायाधिकरण को मुस्लिम वोट पाने की नीति के तहत सुपर सरकार, सुपर प्रशासन और सुपर न्यायपालिका की भूमिका दे दी गई थी, उस ढांचे में लाभान्वितों तथा आनंद सुख भोगने वालों के अंदर छटपटाहट स्वाभाविक है। वक्फ कानून में संशोधन क्यों नहीं होना चाहिए था या संशोधन में क्या असंवैधानिक, इस्लाम विरोधी, मुस्लिम विरोधी है, इसका तथात्मक उत्तर विपक्ष के किसी नेता द्वारा संसद में नहीं मिला। जब एक सदस्य ने कहा कि मुसलमान कानून को नहीं मानेगा तब गृह मंत्री ने कहा कि यह संसद द्वारा बनाया गया कानून है, सबको मानना पड़ेगा। संसद द्वारा विहित प्रक्रिया के तहत पारित कानून भारत के सभी क्षेत्रों और व्यक्तियों पर लागू होता है। कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी ने लोक सभा में विधेयक पारित होने की प्रक्रिया को बहुमत के द्वारा संविधान का अतिक्रमण और लोकतंत्र का गला घोंटने के समान बता दिया। लोक सभा में अमित शाह ने रिकॉर्ड रखते हुए बताया कि संप्रग सरकार ने 2013 में चार घंटे की चर्चा के बाद वक्फ संशोधन विधेयक पास कर दिया था जबकि इस बार दोनों सदनों में करीब 27 घंटे से ज्यादा का समय लगा। वक्फ ने जिस तरह पूरे देश में संपत्तियों का दावा किया, कब्जे में लिया उसकी अनेक कथाएं रिकॉर्ड में सामने हैं। यह कैसी संवैधानिक व्यवस्था थी जिसमें वक्फ किसी संपत्ति पर दावा कर दे तो वक्फ ट्रिब्यूनल के अलावा आप कहीं नहीं जा सकते। ट्रिब्यूनल बरसों लगा देगा और फैसले को सिविल न्यायालय में चुनौती नहीं दे सकते यानी आपकी संपत्ति गई। इसमें हिन्दू और मुसलमान, दोनों के साथ सार्वजनिक सरकारी संपत्तियां भी शामिल हैं। गृह मंत्री ने सदन में रिकॉर्ड पर कहा कि कोई गांव या शहर से बाहर नौकरी करने चला गया और उसकी संपत्ति वक्फ कर दी गई। वक्फ में कोई बदलाव नहीं है। किंतु हम अपनी संपत्ति वक्फ में रजिस्ट्री करा सकते हैं, दूसरे की संपत्ति पर कैसे दावा कर सकते हैं? सरकार कैसे संपत्ति वक्फ कर सकती है? यूपीए सरकार के सत्ता में आने के बाद सच्चर आयोग की नियुक्ति और उसकी रिपोर्ट के बाद पूरे देश में अलग से इस्लामी ढांचा स्थापित करने की प्रक्रिया में केंद्र और राज्य सरकारों ने अनेक संपत्ति वक्फ बोडरे को दी। हमारी, आपकी या किसी मंदिर की जमीन के कागजात, राजस्व आदि का विषय जिला कलेक्टर के अधीन होगा किंतु वक्फ का नहीं हो तो कैसे इसे कानून का पालन माना जाएगा? वक्फ इस्लाम का अंग है, लेकिन भारत के संविधान और कानून के तहत सरकारों द्वारा गठित वक्फ बोर्ड और वक्फ ट्रिब्यूनल इस्लाम का विषय नहीं हो सकता। उसे संविधान और कानून के अंतर्गत ही काम करना होगा। कोई संपत्ति जिस उद्देश्य के लिए वक्फ हुई, उसका उपयोग उसके अनुरूप हो रहा है या नहीं तथा वक्फकर्ता ने? स्वेच्छा से ऐसा किया या दबाव डाल कर कराया गया इसे सुनिश्चित करने की जिम्मेवारी प्रशासन की है। जिस संस्था में लगभग 41 हजार विवाद हों और उनमें 10 हजार मुसलमानों द्वारा किए गए उसे कायम नहीं रखा जा सकता था। वास्तव में वक्फ कानून में संशोधन एक लोकतांत्रिक और समानता के सिद्धांत के विरुद्ध, मजहब का अंग न होते हुए भी इस्लाम के नाम पर कुछ शक्तिशाली प्रभुत्वशाली मुस्लिम पुरु षों के एकाधिकार और निरंकुश ढांचे को ध्वस्त कर वक्फ की मूल सोच के अनुरूप संविधान की परिधि में लोकतांत्रिक चरित्र में परिणत करने का प्रगतिशील कदम है। ऐसे ढांचे को संसदीय व्यवस्था के तहत ध्वस्त करना, जिसको सरकारें बदलाव की आवश्यकता महसूस करते हुए भी स्पर्श करने तक से डरती रही हों, निस्संदेश साहसिक, ऐतिहासिक और युगांतरकारी कदम है। वक्फ की संपत्ति पर इस्लाम की मान्यता के अनुसार गरीब विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं तथा अनाथों का अधिकार है। वक्फ बोर्ड में आपको सामान्य मुस्लिम परिवार के सदस्य शायद ही मिलेंगे। अब इस दौर का अंत होगा तथा गरीब, वंचित, पसमांदा, महिलाएं सब इस्लाम की धारणा के अनुसार वक्फ के उचित उपयोग में भूमिका निभा सकेंगे। वक्फ ने पुराने मामलों के संदर्भ में बदलाव नहीं किया है लेकिन जिन पर विवाद है वे कायम रहेंगे। रिकॉर्ड में और ऑनलाइन आते ही सब पारदर्शी होगा। तो वक्फ के नाम पर हुए अन्याय के निराकरण का रास्ता प्रशस्त होगा और पीड़ितों को न्याय प्राप्त होने की ठोस संभावना बनेगी। ऐसे मामलों का सच देश के सामने होगा और इस्लाम के नाम पर हंगामा खड़ा करने वालों के चेहरे भी बेनकाब होंगे। भूमि या ऐसे मामले राज्यों के विषय हैं। तो अलग-अलग राज्यों का तंत्र सरकारों की राजनीतिक नीति के अनुसार काम करेगा और इनमें समस्याएं आएंगी।

# सरकारी स्कूलों में आधारभूत सुधारों की दिशा

कर्म सिंह ठाकुर

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों के उत्थान के लिए किए गए सुधारों से यह स्पष्ट है कि शिक्षा प्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार की नीतियां यह सुनिश्चित कर रही हैं कि हिमाचल प्रदेश का हर विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सके और अपने जीवन में ऊंचाइयों को छू सके। यदि अभिभावक अपने बच्चों को निजी स्कूलों के महंगे खर्चों से बचाकर सरकारी स्कूलों में प्रवेश दिलाते हैं, तो न केवल उनका आर्थिक भार कम होगा, बल्कि उनके बच्चों को भी बेहतर शिक्षा प्राप्त होगी हिमाचल प्रदेश सरकार ने सरकारी स्कूलों को आधुनिक बनाने और शिक्षा के स्तर को ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। इन सुधारों का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि सभी विद्यार्थियों को समुचित सुविधाएं मिलें और वे शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर सकें। आधारभूत संरचना को सुदृढ़ किया जा रहा है, जिसमें स्कूल भवनों का नवीनीकरण, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, पुस्तकालय, खेल के मैदान, स्मार्ट क्लासरूम और प्रयोगशालाओं का विस्तार शामिल है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि प्रत्येक विद्यार्थी को उचित बैठने की व्यवस्था मिले और वे एक स्वच्छ तथा सुरक्षित वातावरण में पढ़ाई कर सकें। शिक्षा प्रणाली को डिजिटल रूप में बदलने के लिए आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लासरूम की स्थापना की जा रही है, जिससे छात्र डिजिटल माध्यमों से शिक्षा ग्रहण कर सकें। डिजिटल शिक्षा के माध्यम से छात्रों को विषयों को गहराई से समझने में मदद मिल रही है, साथ ही ऑनलाइन संसाधनों तक उनकी पहुंच को भी सुनिश्चित किया जा रहा है। सरकार योग्य और प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित कर रही है, शिक्षकों के स्थानांतरण को सुव्यवस्थित किया जा रहा है और एक केंद्रीकृत शिक्षा मॉनिटरिंग प्रणाली विकसित की गई है। इस नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक विद्यालय की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है, जिससे शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा सके। प्रदेश सरकार स्कूलों में प्रशासनिक सुधार भी कर रही है, जिससे छुट्टियों की सुनियोजित व्यवस्था, एकीकृत निदेशालय की स्थापना और शिक्षकों के प्रशिक्षण में व्यापक बदलाव हो



रहे हैं। प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल और त्वरित बनाया जा रहा है ताकि शिक्षक और विद्यार्थी शिक्षा पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकें। अंग्रेजी माध्यम को बढ़ावा देने के लिए कई सरकारी स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम में बदला गया है, जिससे छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सहायता मिले। वर्तमान समय में अंग्रेजी भाषा की महत्ता को ध्यान में रखते हुए, सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि विद्यार्थी शुरू से ही अंग्रेजी में दक्षता प्राप्त करें, जिससे उन्हें उच्च शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। इसके अतिरिक्त सरकार यह भी सुनिश्चित कर रही है कि छात्रों को उनकी मातृभाषा में भी पर्याप्त ज्ञान मिले ताकि वे अपनी सांस्कृतिक पहचान से जुड़े रहें। सरकारी स्कूलों में निशुल्क परिवहन, मध्यान्ह भोजन योजना, यूनिफॉर्म और किताबें प्रदान की जा रही हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को लाभ मिल रहा है। इन योजनाओं से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी छात्र आर्थिक तंगी के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। हाल ही में सरकार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित करियर काउंसिलिंग की भी शुरुआत की है, जिससे छात्रों को उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार करियर विकल्पों की जानकारी मिल रही है। इस नई पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को भविष्य की संभावनाओं के बारे में जागरूक किया जा रहा है और उन्हें सही मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक वर्ष राज्य के अध्यापकों और विद्यार्थियों को विदेश भ्रमण पर भेज रही है, ताकि वे अन्य देशों की उन्नत शिक्षा पद्धतियों, तकनीकी प्रयोगों और नवाचारों को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकें। इस पहल का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार करना, वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करना, तकनीकी समावेशन को बढ़ावा देना, अनुसंधान व नवाचार को प्रोत्साहित करना तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान को सुदृढ़ करना है। विदेशों की आधुनिक शिक्षण विधियों से परिचय होने से शिक्षक अधिक प्रभावशाली ढंग से पढ़ा सकते हैं, वहीं छात्र वैश्विक स्तर पर सोचने और सीखने की क्षमता विकसित करते हैं। यह प्रयास हिमाचल प्रदेश की शिक्षा प्रणाली को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने और शिक्षकों व छात्रों को आत्मविश्वासी, सृजनशील तथा वैश्विक नागरिक के रूप में तैयार करने की दिशा में एक प्रभावी कदम है। सरकार के इन प्रयासों के कारण अब सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और अभिभावकों का ध्यान कॉन्वेंट स्कूलों की बजाय सरकारी स्कूलों की ओर बढ़ा है। सरकारी स्कूलों में आधुनिक सुविधाएं, योग्य शिक्षक, डिजिटल शिक्षा और निशुल्क सेवाओं के चलते शिक्षा का स्तर ऊंचाइयों को छू रहा है।

# सुमतिधाम इंदौर में चर्या शिरोमणि आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज का पट्टाचार्य महा महोत्सव का आयोजन

## इंदौर में श्रमणों महाकुंभ, 300 से अधिक श्रमण होंगे शामिल

**इंदौर ( विश्व परिवार )।** गणाचार्य श्री विरागसागर जी महाराज ने महाराष्ट्र के जालना में सन् 2024 में अपनी समाधि के पूर्व अपने पट्ट का उत्तराधिकारी अपने सुयोग्य शिष्य आचार्य प्रवर आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज को घोषित किया था।

इंदौर में 27 अप्रैल से 2 मई तक सुमति धाम में पट्टाचार्य पदारोहण महोत्सव का आयोजन किया किया जा रहा है। जिसमें 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन विशेष समारोह में आचार्य विशुद्धसागर जी को पट्टाचार्य पद विधि विधान के साथ प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर 300 से अधिक संत-साध्वी और देशभर से लाखों गुरुभक्त उपस्थित रहेंगे। सुमतिधाम के मुखिया, आचार्यश्री के अनन्य भक्त समाज श्रेष्ठि श्री मनीष गोधा जी और सपना गोधा जी के सौजन्य से होने वाला यह आयोजन इंदौर की जैन समाज के इतिहास का सबसे बड़ा कार्यक्रम होगा। इसमें सभी संघ और पंथ के साधु पधारेंगे। यह आयोजन अपने आप में अद्वितीय और बेमिसाल होने जा रहा है। कार्यक्रम विवरण इस प्रकार है-

**27 अप्रैल, 2025, प्रथम दिवस**- 27 अप्रैल, मंगल प्रवेश- प्रातः 6:00 बजे- महावीर बाग से सुमतिधाम, ससंघ मंगल प्रवेश प्रातः 8 बजे, प्रवचन प्रातः 9 बजे देशना मंडप, आहार चर्या प्रातः 10:00 बजे, पत्रकार सम्मेलन दोपहर 2 बजे देशना मंडप, स्वाध्याय दोपहर 2:30 बजे वात्सल्य मंडप, प्रवचन दोपहर 3:00 बजे देशना मंडप, आचार्य भक्ति एवं प्रतिक्रमण मंडप, शाम 6:00 बजे आरती, आरती शाम 7:30 बजे आरती मंडप, प्रोजेक्शन मैपिंग रात्रि 8 बजे आरती मंडप, लेजर शो रात्रि 8:30 बजे आरती मंडप, सांस्कृतिक कार्यक्रम (नाटिका) आदिनाथ गाथा भाग 1 रात्रि 9:00 बजे देशना मंडप, प्रोजेक्शन मैपिंग रात्रि 11:00 बजे आरती मंडप।

**28 अप्रैल, 2025, द्वितीय दिवस**- अभिषेक, शांतिधारा एवं ध्वजारोहण प्रातः 7:00 बजे-मंदिर जी, दीपप्रज्वलन, पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट, सभी आचार्यों के अर्घ प्रातः 8 बजे देशना मंडप, प्रवचन प्रातः 9 बजे देशना मंडप, आहार चर्या प्रातः 10:00 बजे, गणधर बलय विधान दोपहर 1 बजे वात्सल्य मंडप, स्वाध्याय दोपहर 2:30 बजे वात्सल्य मंडप, प्रवचन दोपहर 3:00 बजे देशना मंडप, आचार्य भक्ति एवं प्रतिक्रमण मंडप शाम 6:00 बजे आरती, आरती शाम 7:30 बजे आरती मंडप, प्रोजेक्शन मैपिंग रात्रि 8 बजे आरती मंडप, लेजर शो रात्रि 8:30 बजे आरती मंडप, सांस्कृतिक कार्यक्रम (नाटिका) आदिनाथ गाथा भाग 2 -रात्रि 9:00 बजे देशना मंडप, प्रोजेक्शन मैपिंग रात्रि 11:00 बजे आरती मंडप।



**29 अप्रैल, 2025, तृतीय दिवस**- अभिषेक एवं शांतिधारा प्रातः 7:00 बजे- मंदिर जी, मंगलाचरण, दीपप्रज्वलन, पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट, सभी आचार्यों की पूजन प्रातः 8 बजे देशना मंडप, प्रवचन प्रातः 9 बजे देशना मंडप, आहार चर्या प्रातः 10:00 बजे, स्वाध्याय एवं शास्त्र प्रदर्शनी का उद्घाटन दोपहर 2:30 बजे स्वाध्याय मंडप, प्रवचन दोपहर 3:00 बजे देशना मंडप, आचार्य भक्ति एवं प्रतिक्रमण मंडप शाम 6:00 बजे आरती, आरती शाम 7:30 बजे आरती मंडप, प्रोजेक्शन मैपिंग रात्रि 8 बजे आरती मंडप, लेजर शो रात्रि 8:30 बजे आरती मंडप, भजन संध्या स्वस्ति मेहुल द्वारा रात्रि 9:00 बजे- देशना मंडप प्रोजेक्शन मैपिंग रात्रि 11:00 बजे आरती मंडप।

**30 अप्रैल 2025, चतुर्थ दिवस**- अभिषेक एवं शांतिधारा प्रातः 6:00 बजे-मंदिर जी, भव्यातिभव्य मंगल जुलूस- प्रातः 6:30 बजे सुमतिधाम मंदिर से देशना मंडप, पट्टाचार्य पद प्रतिष्ठा संस्कार समारोह- प्रातः 7 बजे-देशना मंडप, आहार चर्या प्रातः 10:00 बजे, स्वाध्याय दोपहर 2:30 बजे स्वाध्याय मंडप, साहित्य विमोचन एवं प्रवचन मंडप दोपहर 3:00 बजे- देशना, आचार्य भक्ति एवं प्रतिक्रमण शाम 6:00 बजे आरती मंडप, आरती शाम 7:30 बजे आरती मंडप, प्रोजेक्शन मैपिंग रात्रि 8 बजे आरती मंडप, लेजर शो रात्रि 8:30 बजे आरती मंडप, ड्रोन शो रात्रि 9:00 बजे आरती मंडप, सांस्कृतिक कार्यक्रम (नाटिका) सम्राट खारबेल - रात्रि 10 बजे- देशना मंडप, प्रोजेक्शन मैपिंग रात्रि 11:00 बजे आरती मंडप।

**1 मई 2025, पांचवां दिवस**- अभिषेक एवं शांतिधारा प्रातः 7:00 बजे- मंदिर जी, जल बिंदु महाकाव्य पर राष्ट्रीय विद्वत् संगोष्ठी एवं प्रवचन-प्रातः 8 बजे देशना मंडप, आहार चर्या प्रातः 10:00 बजे, संगोष्ठी दोपहर 2:30 बजे देशना मंडप, प्रवचन दोपहर 4:30 बजे देशना मंडप, आचार्य भक्ति एवं प्रतिक्रमण मंडप शाम 6:00 बजे आरती, आरती शाम 7:30 बजे आरती मंडप, प्रोजेक्शन मैपिंग रात्रि 8 बजे आरती मंडप, लेजर शो रात्रि 8:30 बजे आरती मंडप, सांस्कृतिक कार्यक्रम (नाटिका) रात्रि 9:00 बजे- देशना मंडप, प्रोजेक्शन मैपिंग रात्रि 11:00 बजे आरती मंडप।

**2 मई, 2025, छठवाँ दिवस**- अभिषेक एवं शांतिधारा प्रातः 7:00 बजे-मंदिर जी, परम पूज्य गणाचार्य श्री विरागसागर जी गुरुदेव की 62वीं जन्म जयंती समारोह, महापूजा, आरती एवं गुणानुवाद सभा -प्रातः 7:30 बजे देशना मंडप, आहार चर्या प्रातः 10:00 बजे, स्वाध्याय दोपहर 2:30 बजे स्वाध्याय मंडप, प्रवचन दोपहर 3:00 बजे देशना मंडप, आचार्य भक्ति एवं प्रतिक्रमण मंडप शाम 6:00 बजे आरती, आरती शाम 7:30 बजे आरती मंडप, प्रोजेक्शन मैपिंग रात्रि 8 बजे आरती मंडप, लेजर शो रात्रि 8:30 बजे आरती मंडप, सांस्कृतिक कार्यक्रम (नाटिका) मंडप रात्रि 9:00 बजे- देशना, प्रोजेक्शन मैपिंग रात्रि 11:00 बजे आरती मंडप।

इस प्रकार 27 अप्रैल से 2 मई तक इंदौर महानगर के सुमतिधाम में अतिभव्य, दिव्य श्रमणों का महाकुंभ अपने आप में देखने योग्य क्षण होंगे।

**-डॉ. सुनील जैन संचय**

## संक्षिप्त समाचार

### सुरेश शाह 20 अप्रैल को आचार्य श्री वर्द्धमान सागर जी महाराज के कर कमलों से मन्दसौर में दीक्षा लेंगे

**जयपुर ( विश्व परिवार )।** बोली जयपुर नगर गौरव 75 वर्षीय भरे पूरे परिवार के सन 1950 में जन्मे श्री सुरेश जी शाह जयपुर 20 अप्रैल 2025 को आचार्य 108 श्री वर्द्धमान सागर जी महाराज के कर कमलों से मन्दसौर में दीक्षा लेंगे। श्रीमती कपूरी देवी श्री रतनलाल जी के पुत्र दीक्षार्थी श्री सुरेश चंद शाह, मालवीय नगर, जयपुर (मुनि 108 श्री हितेन्द्र सागरजी महाराज के गृहस्थ अवस्था के पिताजी) की 13 अप्रैल 2025 को मालवीय नगर, शास्त्री नगर, श्याम नगर, सूर्य नगर मानसरोवर सांगानेर जैन मंदिर सहित अनेक मंदिरों, निवाई बोली नगर आदि में परिजनो द्वारा अभिनंदन कर श्रीफल, सूखे मेवे फल आदि से गोद छोल भर कर शाल श्रीफल माला से अभिनंदन कर वैराग्य भावों की अनुमोदना की गई। रत्नत्रय के प्रतीक तीसरे पुत्र श्री महेंद्र ने बाल ब्रह्मचारी होकर पंचम पट्टाधीश वात्सल्य वारिधीआचार्य श्री वर्धमान सागर जी से वर्ष 2006 में पहले क्षुल्लक फिर वर्ष 2009 में मुनि दीक्षा ग्रहण कर मुनि श्री हितेंद्र सागर जी के रूप में धर्म प्रभावना कर रहे हैं। संसार में रचे पचे गृहस्थ द्वारा दीक्षा लेना प्रशंसनीय है। **राजेश पंचोलिया**



### कलेक्टर ने घने जंगलों के दूरस्थ ग्राम करडेगा के उप स्वास्थ्य केन्द्र और शासकीय आयुर्वेद औषधालय का किया निरीक्षण



**जशपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर रोहित व्यास ने दुलदुला विकास खंड के घने जंगलों के दूरस्थ ग्राम करड़ेगा के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र और शासकीय आयुर्वेद औषधालय का आकस्मिक निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली कलेक्टर ने मरीज वार्ड, दवाई वितरण कक्ष सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली और लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डाक्टरों और कर्मचारियों की उपस्थिति, दवाई की उपलब्धता, ओपीडी में प्रतिदिन मरीजों की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि करडेगा घने जंगलों में बसा हुआ गांव है। रात्रि में मरीजों को एम्बुलेंस और अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर कुनकुरी एसडीएम नन्द जी पांडे जनपद सीईओ और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### गुरु समर्पण के मंगल नियोग से श्रमणाचार्य, देशना प्रवीण, खंडाखंड- विद्याज्ञाता, महाश्रमण गुरुवर विशुद्धसागर जी को गणाचार्य भगवन ने अपना पट्टभार सौंपा

**इंदौर ( विश्व परिवार )।** सनातन जैन श्रमण संस्कृती में जितना महत्व ज्ञान का है, उससे कई गुणित अधिक महत्त्व चारित्र का है। ज्ञान से सन्मान मिलता है, मगर चारित्र से पूज्यता प्राप्त होती है। जिनके पुत्र भरत चक्रवर्ती के नाम पर इस देश का नाम भारत पडा, ऐसे इस युग के प्रथम तीर्थेश भगवान ऋषभदेव ने युग के आदी में धर्मतीर्थ का प्रवर्तन किया जो आज भी गतिमान है। परम-भट्टारक अंतिम तीर्थेश भगवान महावीर स्वामी के प्रभाव से अक्षुण्ण चल रही है, दिगंबर श्रमण परंपरा आज भी जयवंत हो रही है। अनेक बार चेतनाचेतन कृत घोरोपसर्ग सहन करके भी दिगंबर श्रमणपरंपरा अपने मूल स्वरूप से आज तक च्युत नहीं हो पाई। इसी गौरवशाली परंपरा में आचार्य 108 श्री आदिसागर जी (अंकलीकर ) की प्रामाणित बहुचर्चित परंपरा में गणाचार्य 108 श्री विरागसागर जी हुये। गणाचार्य भगवन विरागसागर जी ने अपने संयमकाल में अनेकों सिद्धांत ग्रंथों का लेखन करके अचेतन कृतियों का सृजन किया और आचार्य, उपाध्याय, श्रमण, श्रमणी, ऐलक, क्षुल्लक, क्षुल्लिका आदि दीक्षायें देकर चेतन-कृतियों का भी मंगल सृजन किया। -**अभिषेक अशोक पाटील**



## जैनी हो तो कम से कम जैन कुलाचार का स्थूल रुप से पालन तो करो : मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज



**भोपाल ( विश्व परिवार )।** जैनी हो तो कम से कम जैन कुलाचार का स्थूल रुप से पालन तो करो, उपरोक्त उदगार मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने दिगम्बर जैन मंदिर जबाहर चौक में रविवारीय धर्मसभा को सम्वोधित करते हुये व्यक्त किये।

मुनि श्री ने कहा कि मोक्ष जाने की बात तो बहूत दूर है, सबसे पहले मोक्षमार्ग तो पता कर लो उन्होंने कहा कि जैनी बनने के लिये सबसे पहले प्रतिज्ञा पूर्वक मध, मांस, मधु का त्याग होंना चाहिये इसके साथरात्री भोजनका त्याग प्राथमिकता के साथ करना चाहिये प्रतिदिन देव दर्शन तथा अभक्ष्य और अमर्यादित भोजन का त्याग, तथा अनैतिक कृत्यों से अपने आपको बचाना चाहिये, मुनि श्री ने कहा कि यदि राग रंग में ही उलझे रहोगे तो कभी अपने आपको सुलझा नहीं पाओगे जानबूझकर अंध बने हो, आंखन बांधी पाटी, जिया धोखे की टाटी उन्होंने कहा कि सबसे पहले अपना लक्ष्य तो बनाओ, हम यह नहीं कहते कि सभी साधू बन जाओ कम से कम एक सदग्रहस्थ तो बनो गृहस्थ मार्ग में रहते हुये भी यदि आत्मिकज्ञान के साथ आगे बड़ोगे तो आपका कल्याण हो जाऐगा उन्होंने कहा कि जो सुनने को ही धर्म मानते है वह अटक जाते है और जो सुनकर के गुनने की कोशिश करते है वह आगे बड़ जाते है मुनि श्री ने प्रश्न करते हुये कहा कि अपने आपको हमेशा कक्षा एक में पटके रखोगे या कुछ आगे भी बड़ोगे? शरीर क्षींण हो गया, सिर सफाचट सफेद हो गया, मूंह से बत्तीसी बाहर आ गई शरीर कमजोर हो गया विना लाठी के चल नहीं पा रहे हो फिर भी अंदर से आसक्ति नहीं जा रही? मुनि श्री ने कहा कि मोक्षमार्ग की बातें तो करते है लेकिन चलने की हमारी कोई तैयारी ही नहीं उन्होंने कहा कि जब हम किसी तीर्थ यात्रा पर जाते है तो सबसे पहले अपना टिकट कन्फर्म करबाते है और यात्रा की पूरी तैयारी करते है तब कंही जाकर वह यात्रा सु:खद होती है, यंहा पर हम अनंतकाल के लिये जाने की बात कर रहे है, लेकिन हमारी कोई भी तैयारी नहीं, मुनि श्री ने कहा कि मात्र शव्दों में कहना और उसकी अनुभूति में जीना दौनों अलग बात है, सबसे पहले बौद्धिक स्तर पर यह स्वीकार तो करो कि हम भटक रहे है? बस्तुओं के प्रति राग और मोह हमें सत्य को स्वीकार नहीं करने देता, जिस समय व्यक्ति को अपने स्वभाव का भान हो जाऐगा कि में शुद्ध चेतन आत्मा हुं, ज्ञाता दृष्टा मेरा स्वभाव है राग द्वैष क्रोधादि जो विकार है यह मेरे स्वभाव नहीं है यह मेरी चेतना को मलिन बनाने बाले है, जैसे ही हमें अपने स्वरूप का बोध होगा तो बंधन से मुक्ती का प्रयास करोगे विषयों से मुक्ती के लिये ज्ञान और वैराग्य दौनों का होंना आवश्यक है जैसे दुकान पर बैठा हुआ सफल व्यापारी कभी ग्राहक की ऊठपटांग बात पर भड़कता नहीं है बल्कि शांत रहता है। -**अविनाश जैन**

## आगमनिष्ठ विद्वत संगोष्ठी जिनशासन तीर्थ क्षेत्र अजमेर में



**अजमेर ( विश्व परिवार )।** जैन और प्राकृत अध्ययन विभाग, एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह (म.प्र.) एवं प्राकृत भाषा विकाय फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वाधान में एवं श्री जिनशासन तीर्थ क्षेत्र जैन नगर, अजमेर द्वारा दिनांक 12 अप्रैल से 14 अप्रैल तक आगमनिष्ठ राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी परमपूज्य प्राकृत भाषा चक्रवती आचार्यश्री 108 वसुनंदी जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में आचार्य श्री द्वारा विरचित प्राकृत वाड्मय में चल रही है। संगोष्ठी के कुलपति डॉ शीतलचंद जी जैन प्राचार्य जयपुर एवं संगोष्ठी के निर्देशक डॉ श्रेयांस कुमार जैन बड़ौत रहे। संगोष्ठी का उद्?घाटन 12 अप्रेल को प्रात:काल की शुभवेला में हुआ। प्राकृत भाषा में मंगलाचरण किया गया। पश्चात दीप प्रज्जवलन चित्रावरण हुआ। संगोष्ठी में देश के संपूर्ण प्रांतों से पधारे विद्वानों का अभिनंदन समाज के गणमान्य पदाधिकारी द्वारा किया गया।

संगोष्ठी में देश के मूर्धन्य विद्वानों के द्वारा आचार्य श्री वसुनंदी जी की कृति प्राकृत वाणी जो कि तीनो भागों में प्रकाशित है इस विषय पर शोध पत्र का वाचन किया जा रहा है। संगोष्ठी के संयोजक पं. मनोजजी शास्त्री एवं डॉ आशीष जैन शास्त्री बम्होरी है। समाज के अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार जैन, महामंत्री मनोज जैन एवं मंत्री विनीत कुमार जैन सहित समस्त कमेटी के सहयोग से जिनवाणी की अनवरत आराधना चल रही है। संगोष्ठी में डॉ नरेन्द्र जैन टीकमगढ़, डॉ. सुरेन्द्र जैन भारती बुरहानपुर, डॉ अनिल जैन जयपुर, डॉ श्रीयांस सिंघई जयपुर, प्रतिष्ठाचार्य पवन जी दीवान, पं राजकुमार जी सागर, डॉ.बाहुबली जैन इंदौर, डॉ आशीष जैन आचार्य शाहगढ़, डॉ सुशील जैन कुरावली, डॉ ज्योतिबाबू जैन उदयपुर, डॉ. सुमत जैन उदयपुर, डॉ. पुलक गोयल जबलपुर, डॉ. सुनील संचय ललितपुर, डॉ. शैलेश जैन बाँसवाड़ा, अखिलेश जैन टीकमगढ़, पं सुनील जैन प्रसन्न बड़गांव, डॉ पंकज जैन इंदौर, पं. विनीत जेन ललितपुर, डॉ कोमल जैन वाराणासी, पं विजय जैन शास्त्री शाहगढ़, पं अरुण जैन शास्त्री जबलपुर, अभिषेक जैन सागर, अंकित जैन अनुराग, पं. पीयूष जैन शास्त्री आदि विद्वान उपस्थित रहे। आचार्य श्री ने कहा ङ्क विद्वानों द्वारा अथक परिश्रम से शोधालेख लिखे गए हैं, वे प्रशंसनीय हैं। आचार्य श्री ने सभी विद्वानों के लेखों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्राकृत भाषा भारत का गौरव है, जन जन की भाषा है। प्राकृत भाषा का विपुल साहित्य है, जो भारत में सुख शांति समृद्धि के लिए अत्यंत उपयोगी है।

प्राकृत वाणी, संस्कारोदय समाचार पत्र का विमोचन भी हुआ। तत्पश्चात् प्राकृत भाषा के प्रचार के लिए देश भर में लगाए जाने वाले शिविरों का पोस्टर काआ भी विमोचन किया।

**-आशिष शास्त्री, नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल**

## राजस्थान जैन सभा जयपुर की महावीर जयन्ती स्मारिका के 60वें अंक का विमोचन



**जयपुर ( विश्व परिवार )।** राजस्थान जैन सभा जयपुर द्वारा प्रकाशित महावीर जयन्ती स्मारिका के 60 वें बहुरंगीय अंक का विमोचन भट्टारक प्रमेय सागर महाराज के पावन सानिध्य में महावीर जयंती समारोह में किया गया। प्रबंध सम्पादक यश कमल अजमेरा ने बताया कि भगवान महावीर के जीवन चरित्र, सिद्धांतों एवं जैन धर्म के ज्ञान वर्धक तथा संदेशात्मक लेखों से सुसज्जित इस स्मारिका का विमोचन समाजश्रेष्ठी देवेन्द्र बोहरा, विनोद तिजारिया ने किया। स्मारिका के प्रधान सम्पादक का दायित्व डॉक्टर प्रेम चंद रॉवका ने निभाया। अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन ने बताया कि प्रबंध सम्पादक यश कमल अजमेरा के साथ साथ सुरेन्द्र जैन, अतुल छाबड़ा आदि सहयोगियों की टीम ने अल्प समय में पूर्ण करने में अपना अतुलनीय सहयोग व योगदान दिया।

महामंत्री मनीष बैद के मुताबिक इस मौके पर सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप जैन उपाध्यक्ष विनोद जैन 'कोटखावदा', महामंत्री मनीष बैद, कोषाध्यक्ष अमर चन्द दीवान खोराबीसल, प्रबंध सम्पादक यश कमल अजमेरा, महावीर जयंती समारोह के मुख्य समन्वयक अशोक जैन नेता, कार्यकारिणी सदस्य कमल बाबू जैन, सुभाष बज, राखी जैन, भारतभूषण जैन, शकुन्तला पाण्ड्या, दीपिका जैन 'कोटखावदा', संगीता अजमेरा, अनिला पाटनी, रेणू छाबड़ा, शालिनी अजमेरा, पवन बोहरा, सोम शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजश्रेष्ठी उपस्थित थे।

उपाध्यक्ष विनोद जैन 'कोटखावदा' ने बताया कि स्मारिका में सभा द्वारा की जा रही समाजोपयोगी गतिविधियों की जानकारी तथा किये गये विभिन्न आयोजनों की झलकियां शामिल की गई है।

स्मारिका में आचार्य, मुनिराजो, आर्यिका माताजी तथा माननीय राज्यपाल, मुख्यमंत्री, सासंद सहित कई राजनेताओं, गणमान्य समाजश्रेष्ठीयो एवं प्रशासनिक अधिकारियों के शुभकामना संदेश भी प्रकाशित किये गये हैं।

स्मारिका देश में जैन धर्म के साधु संतो, तीर्थ क्षेत्रों, विद्वानों, समाजश्रेष्ठीयो सहित श्रावकों को भिजवाई जावेगी। -**विनोद जैन**

## श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर की द्वादशवर्षीय परीक्षा सम्पन्न



**ललितपुर ( विश्व परिवार )।** समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि पुंगव सुधासागर महाराज की प्रेरणा से संचालित श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर द्वारा 12 वर्षीय स्वाध्याय पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है।जिसमें संपूर्ण देश व विदेश में लगभग बीस हजार से अधिक परीक्षार्थी जैन धर्म का स्वाध्याय कर रहे हैं। स्वाध्याय के साथ परीक्षा देकर प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर रहे हैं। श्री दिगम्बर जैन पंचायत समिति (रजि0) समिति के अध्यक्ष डां0अक्षय टडैया, महामंत्री आकाश जैन,

कोषाध्यक्ष सौरभ जैन सीए, संयोजक सनत जैन खजुरिया, प्रफुल्ल जैन, संजीव जैन के सहयोग से परीक्षा सम्पन्न कराई गई।परीक्षा प्रभारी आलोक मोदी, राजेश शास्त्री के मार्गदर्शन में ललितपुर नगर से भी आठ सौ परीक्षार्थियों ने इस पाठ् यक्रम में प्रतिभाग करके परीक्षा में सम्मिलित हुए।परीक्षा आयोजन श्री अभिनंदनोदय तीर्थक्षेत्र, अटा मंदिर, बाहुबली नगर, श्री दिगम्बर जैन बडा मंदिर

में आयोजित की गई।परीक्षा में उत्तीर्ण होने के पश्चात सिद्धांत शास्त्री, सिद्धांत विशारद, सिद्धांत आचार्य की उपाधि प्रदान की जायेगी।परीक्षा प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा में अनुपस्थित अभ्यर्थियों की परीक्षा 27 अप्रैल को पुन: आयोजित की जायेगी।परीक्षा को सम्पन्न कराने में आलोक मोदी, मुकेश शास्त्री, राजेश शास्त्री, सत्येन्द्र जैन, दिलीप शास्त्री, जितेन्द्र जैन राजू, प्रवक्ता राहुल जैन, अपूर्व जैन, वंदित मोदी, अमित जैन, रीता जैन, पारस शास्त्री, अंकुर जैन, सचिन जैन, दीप्ति जैन, अमित जैन, राहुल जैन, सुरेन्द्र जैन, शीलचंद्र शास्त्री, सचिन शास्त्री, दीपक जैन, प्राशु शास्त्री विशेष सहयोग रहा।

## भक्ति का मतलब होता है प्रेम वात्सल्य की गंगा बहाना : मुनि श्री अविचल सागर जी महाराज

**श्रमण संस्कृति संस्थान देशभर में प्रौढ शिक्षा को बढ़ा रहा है- विजय धुर्रा**



**श्रमण संस्कृति राष्ट्रीय एग्जाम का हुआ आयोजन**

**अशोक नगर ( विश्व परिवार )।** भक्ति का मतलब प्रेम वात्सल्य से भरा हुआ हृदय होना भगवान की भक्ति तो संसार में सर्वश्रेष्ठ हैं ही इसके साथ भक्ति का एक रूप प्रेम वात्सल्य भी है भक्ति तक पहुंचने के लिए हमें अपने हृदय को वात्सल्य से भरना होगा कल हनुमान जयंती थी श्री हनुमान जी की एक छाया प्रति देखी होगी जगत जव प्रभु श्री राम को रत्नों में डूडराहा था तव हनुमान जी भी उस रत्न की माला में प्रभु को ढूंढने लगे और किसी ने कहा दिया कि अपने हृदय में ढूंढ़ो तो सीना चीर दिया और जगत जानता है कि हनुमान जी के हृदय में विराजमान प्रभु प्रकट हो गए कहानी पर ना जाए भक्ति कैसे की जाती है इसे समझना होंगा उक्त आश्य के उद्गार सुभाष गंज में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए मुनिश्री अविचल सागर जी महाराज ने व्यक्त किए। इसके पहले आज श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर वृहद परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें पंद्रह वर्ष से अस्सी वर्ष के महिला पुरूषो ने बढ चढ कर भाग लिया।

**द्वादश वार्षिक पाठ्यक्रम एक बहुत बड़ी उपलब्धि है**- इस अवसर पर मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि निर्यातक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने की प्रेरणा से देशभर में प्रौढ शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है द्वादश वार्षिक पाठ्यक्रम एक बहुत बड़ी उपलब्धि है जो साठ वर्ष से अस्सी वर्ष तक के सैंकड़ों परिक्षार्थी भाग लेकर अव्वल आना चाहते हैं उनके अंदर ज्ञान की एक लल्क जाग उठी जो उन्हें अपने धर्म संस्कृति और संस्कार से जोड़ रही है कुछ ही वर्षों में इसमें क्या युवा महिला पुरुष सभी आगे आकर भाग ले रहे हैं ये ही माता बहने आगे चलकर समाज की गद्दी को ज्ञान की गंगा बहाकर सुशोभित करेंगे।

शिक्षको को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान अलोक बजाज ने कहा कि जो लोग संस्कृति साहित्य के नाम तक नहीं जानते थे वे इनका अध्ययन कर रहे हैं हेमंत टडैया ने कहा कि मुनिश्री की सोच के कारण आज फिर से प्रौढ़ ऊम में भी ज्ञान की ललक जगी है इस अवसर पर स्थानीय संयोजक श्री मति किरण जैन जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा द्वारा परीक्षा में सहयोग करने वाले ब्रह्मचारी रिक्कू भ इया नीलेश भ इया अलोक भ इया विपिन सिंघई अंकित शास्त्री सांगानेर जयपुर हेमंत टडैया महावीर जैन जय कुमार जैन द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया इसके पहले आचार्य श्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया व पुस्तिकाओं का विमोचन किया गया। -**विजय धुर्रा**

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

No. COM/G/R/Catg Stall/2025, Dt. 08.04.2025

| क्र. | कैटलॉग नंबर | निविदा विरण | आक्शन दिनांक | आक्शन समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | काम-कैट-25-4 | रायपुर मंडल के 17 स्टेशनों (दुर्ग, भिलाई पावर हॉउस, तिल्दा-नेवरा, भिलाई, भिलाई नगर, कुम्हारी, लाटाबोड़, रिसामा, गुन्दरदेही, सिलयारी, दगोरी, मॉढर, लखोली, बिल्हा, सरोना, दाधापारा, मंदिर हसौद में 17 कैटरिंग स्टाल के लिए ई-आक्शन के माध्यम से निविदा) | 25.04.2025 | 10.00 से 13.10 |

ई-नीलामी अधिसूचना का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है।

मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक
द.पू.म.रेलवे/ रायपुर

पीआर/आर/सी.डीसीएम/एएन/06

## संक्षिप्त समाचार

### उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा का एयरपोर्ट में किया गया आत्मीय स्वागत



**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** स्थानीय मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के रविवार को एक दिवसीय संक्षिप्त बस्तर प्रवास में जगदलपुर आगमन पर जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान सांसद बस्तर श्री महेश कश्यप, महापौर श्री संजय पाण्डे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ ही बस्तर आईजी श्री सुंदरराज पी.,कलेक्टर श्री हरिस एस.,एसपी श्री शलभ कुमार सिन्हा, अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल और अन्य अधिकारियों द्वारा किया गया।

### महिला नगर सैनिक की हत्या से इलाके में सनसनी

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** जिले में महिला नगर सैनिक की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई है. कस्तूरबा हॉस्टल गरियाबंद में पदस्थ 32 वर्षीय महिला नगर सैनिक ओमिका ध्रुव की उनके ही पति सोहन साहू ने गला दबाकर हत्या की है. वारदात के बाद आरोपी पति पाण्डुका थाना पहुंचकर खुद मामले की सूचना पुलिस को दी. बताया जा रहा कि चरित्र शंका पर पति ने वारदात को अंजाम दिया है.घटना की सूचना के बाद थाना प्रभारी जयप्रकाश नेताम फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटा रहे हैं. गले में नाखून के निशान है. थाना प्रभारी जयप्रकाश नेताम ने बताया कि आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है.आरोपी पति और मृतका दोनों मुरमुरा गांव के हैं. 10 साल पहले दोनों ने प्रेम विवाह किया था. दोनों के दो बच्चे भी हैं. पिछले एक सप्ताह से ओमिका अपने मां के घर रह रही थी. हास्टल ड्यूटी के बाद छुट्टी पर घर आई थी. आज ड्यूटी ज्वाइन करने पति के साथ बाइक से वापस जा रही थी. दोनों गांव से 10 किमी आगे पहुंचे थे, इसी बीच दोनों का विवाद हुआ. इस दौरान पति ने पत्नी का गला दबाकर हत्या कर दी. बताया जा रहा कि चरित्र शंका को लेकर आए दिन दोनों में विवाद होते रहता था.

### नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** जिले के गिधौरी थाना पुलिस ने शासकीय विभागों में नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।इस मामले में प्रार्थी चंद्रमा साहू, निवासी ग्राम कोटियाडीह द्वारा थाना गिधौरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। यह कार्रवाई थाना गिधौरी में दर्ज एक गंभीर धोखाधड़ी के मामले के तहत की गई। बता दे कि इस मामले में प्रार्थी चंद्रमा साहू, निवासी ग्राम कोटियाडीह द्वारा थाना गिधौरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि ग्राम फरहदा (थाना खरोरा) जिला रायपुर निवासी उमाकांत दीवान ने उसकी पत्नी को महिला एवं बाल विकास विभाग में पर्यवेक्षक (सुपरवाइज़र) पद पर नियुक्त करवाने के नाम पर 5,00,000 रुपए की रकम ली थी।

# बाबा साहेब की प्रतिमा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने किया दीप प्रज्जवलन, देश के संविधान निर्माता को किया नमन

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा चौक व लालबाग स्थित डा.अंबेडकर की प्रतिमा में दीप प्रज्जवलित कर उनका स्मरण किया

### 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर भाजपा करेगी विविध कार्यक्रम का आयोजन



**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या में आज रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा डा.अम्बेडकर की प्रतिमा में दीप प्रज्जवलन किया गया। जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव भी शामिल हुये। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर उन्हें नमन किया।

शहर के अंबेडकर वार्ड स्थित तिरंगा चौक और लाल बाग मैदान में स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल में पहुँच भाजपा कार्यकर्ताओं ने दीप प्रज्जवलित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने देश के संविधान निर्माता बाबा साहेब के अमर योगदान का स्मरण करते हुये उन्हें नमन किया। भाजपा द्वारा कर 14 अप्रैल को बाबा साहेब डा.अंबेडकर की जयंती के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

आज भाजपा के दीप प्रज्जवलन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, श्रीधर ओझा, दंतेश्वर राव, उमाकांत सिंह, नरसिंह राव, नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा, सुरेश गुप्ता, आर्येन्द्र आर्य, आलोक अवस्थी, संग्राम सिंह राणा, निर्मल पाणिग्रही, सफीरा साहू, राणा घोष, राजपाल कसेर, रंजीत पाण्डेय, पितामह नायक, दिगम्बर राव, गिरिजा गुप्ता, केतन महानंदी,किरण दीवान, कौशिक शुक्ला, संतोष गौर, श्याम सुंदर बघेल,शैलेष श्रीवास्तव, रीना राय, अभय दीक्षित, वसीम खान, अमित मेहरा, रिंकू पाण्डेय, रितेश सोनी, लाला महावर, राजेश श्रीवास्तव, राजेश साव,नागेश्वर राव, मणि विक्रम नायडू, योगेश पाणिग्रही, आशू आचार्य इत्यादि मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने किया जगदलपुर तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण

### कार्य में लापरवाही के लिए मारकेल नायब तहसीलदार को स्पष्टीकरण और रीडर को निलंबित करने के दिए निर्देश



**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर श्री हरिस एस ने शुक्रवार को जगदलपुर तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने तहसील कार्यालय में तहसील न्यायालय जगदलपुर, फ्रेजरपुर, मारकेल नजूल न्यायालय, भुईया शाखा, नायब नाजिर, आरटीआई शाखा, लोकसेवा केंद्र की सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने राजस्व प्रकरण, दांडिक प्रकरण, सीमांकन के प्रकरण, आरबीसी 6-4 के प्रकरण की लंबित प्रकरणों का संज्ञान लिया। लंबित प्रकरणों में देरी की वजह का भी उन्होंने संज्ञान लेकर प्रकरण के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मारकेल के तहसील कोर्ट में राजस्व प्रकरण के निराकरण में लंबित संख्या ज़्यादा होने के लिए नाराजगी जताई और नायब तहसीलदार को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी राजस्व न्यायालय के रिकॉर्ड रूम का भी जायजा लिया और रिकॉर्ड की बेहतर रख-रखाव के लिए समय समय पर रूम की सफाई करवाने कहा। इसी दौरान कार्यालय में मारकेल के रीडर द्वारा न्यायालीन प्रकरणों में पीठासीन अधिकारी के आदेश के अवहेलना करने, सीमांकन और नामांतरण के प्रकरणों का पंजीयन नहीं किया जाना एवं प्रकरणों के रख रखाव में लापरवाही बरतने के लिए संबंधित कर्मचारी को निलंबित करने के भी निर्देश दिए । इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सी पी बघेल, एसडीएम श्री भरत कौशिक, तहसीलदार श्री रुपेश मरकाम, नायब तहसीलदार अंकुर रात्रे, श्री आशीष साहु सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रथम चरण में आवेदन जमा करने पंचायतों और वार्डों में उत्साह से पहुंच रहे ग्रामीण

**सुकमा(विश्व परिवार)।** जनमानस की समस्याओं का समाधान करने, शासन की योजनाओं का लाभ पहुँचाने तथा जनता से सीधे संवाद करने छत्तीसगढ़ शासन की पहल सुशासन तिहार 2025 का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है और प्रथम चरण में समस्या और माँग संबंधी आवेदन देने के लिये पंचायतों और वार्डों में आयोजित शिविर में ग्रामीण नागरिक उत्साह से पहुँचे तथा अपनी समस्या व मांग के संबंध में आवेदन जमा किया। आज दूसरे दिन छिंदगढ़ विकासखंड में आयोजित शिविर में 2663 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में पंचायत के कर्मचारी निर्धारित समय तक उपस्थित रहकर जनमानस का आवेदन लेकर उन्हें विधिवत पावती दिया। सुशासन तिहार 2025 के तहत प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल 2025 तक आवेदन जमा करने शिविर के तहत नगर पालिका परिषद सुकमा के द्वारा पूरे 5 वार्डों में शिविर लगाया गया, जहां कर्मचारी उपस्थित रह कर वार्डवासियों को आवेदन के संबंध में जानकारी दिये और आवेदन जमा कर उन्हें पावती भी दी गयी। नगर पालिका अध्यक्ष सुकमा पार्षदों के साथ विभिन्न वार्डों में पहुंचकर वार्डवासियों से रूबरू हुए और उनकी समस्या के संबंध मे चर्चा कर आवेदन जमा करने कहा। आज दूसरे दिन शिविर में मांग व शिकायत के संबंध में नगर पालिका सुकमा में 636 आवेदन प्राप्त हुए। नागरिकों ने मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, साफ-सफाई के अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना, निर्माण कार्य, अतिक्रमण सहित अन्य मांग एवं शिकायत के संबंध में आवेदन जमा किया। जिनका शिविर के बाद समाधान किया जायेगा। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर जनमानस को शासन की योजना का लाभ देने उनकी समस्याओं से अवगत होने एवं उनसे सीधा संवाद करने सुशासन तिहार 2025 आयोजित किया जा रहा है।

### अवैध शराब बेचते पकड़ाया युवक

**धमतरी(विश्व परिवार)।** धमतरी की थाना कुरूद पुलिस ने द्वारा ग्राम नारी में पेट्रोल पंप के पास अवैध रुप से शराब बेचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है तथा उसके कब्जे से 23 पौवा देशी मशाला शराब जप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार धमतरी पुलिस थाना कुरूद को मुखबिर के सूचना मिली कि एक व्यक्ति द्वारा ग्राम नारी के पेट्रोल पंप के पास अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा हैं । सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी प्रकाश सोनकर पिता पंचुराम सोनकर उम्र 25 वर्ष साकीन नारी,थाना कुरुद को पकड़ा एवं उसके कब्जे से एक थैले के अंदर 23 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 2300 रूपये एवं बिक्री रकम 360 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किया गया है।

# सुशासन तिहार बना आम जनों के समस्या को अवगत कराने का सुविधाजनक माध्यम

### मालती बाई एवं ज्योति पवार ने मांग की प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति

**बालोद(विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में सुशासन की स्थापना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई सुशासन तिहार पूरे राज्य की भाँति बालोद जिले के आम नागरिकों के लिए उनके मांगों एवं समस्याओं के निराकरण सुनिश्चित करने का बेहतर माध्यम साबित हो रहा है। सुशासन तिहार के माध्यम से अब आम जनों को अपने समस्या का निराकरण करने के लिए आवेदन प्रस्तुत करने सरकारी कार्यालयों का चक्कर लगाना नही पड़ रहा है। अब वे अपने गांव में ही ग्राम पंचायत कार्यालय में बहुत ही आसानी के साथ अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्हें शासन से अपने मांग एवं समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण होने की उम्मीद है। इसी कड़ी में आज सुशासन तिहार के प्रथम चरण के अंतिम दिन जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम कोंहगाटोला के ग्रामीण महिला श्रीमती मालती बाई साहू एवं ग्राम जुंगेरा निवासी श्रीमती ज्योति पवार ने अपने मांग एवं समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन करने अपने ग्राम पंचायत कार्यालय पहुँची। सुशासन तिहार के माध्यम से अपने मांगों के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत करते समय उनके चेहरे बहुत ही प्रसन्नता नजर आ रही है। उल्लेखनीय है कि बालोद विकासखण्ड के ग्राम कोंहगाटोला के ग्रामीण महिला श्रीमती मालती बाई साहू एवं ग्राम जुंगेरा निवासी श्रीमती ज्योति पवार ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान करने आवेदन प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि सुशासन तिहार के माध्यम से अगले चरण में उनकी मांग का समुचित निराकरण हो सकेगा। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार के माध्यम से हम जैसे अनेक ग्रामीण महिलाओं को जिन्हें अपने मांग एवं समस्याओं का निराकरण करने के लिए सरकारी कार्यालयों का चक्कर लगाना पड़ता था। जिससे हमें आने-जाने में बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ता था परंतु आज सुशासन तिहार के माध्यम से अपने-अपने ग्राम पंचायत कार्यालय में ही अपनी मांग का आवेदन प्रस्तुत कर समय एवं धन दोनों की ही बचत हो रही है।

# इंद्रवती नदी से छत्तीसगढ़ के हिस्से को मिल रहा पानी सोलह प्रतिशत से बढ़कर मिलने लगा 49 प्रतिशत

**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इंद्रवती नदी से छत्तीसगढ़ के हिस्से को मिल रहा पानी सोलह प्रतिशत से बढ़कर 49 प्रतिशत मिलने लगा है। यही नहीं आने वाले समय में जल संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए भी कवायद चल रही है। नदी में साढ़े तीन करोड़ की लागत से इंद्रावती-जोरानाला के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में जमा सिल्ट,लूज बोल्डर,पत्थर,रेत की बोरी,मिट्टी इत्यादि को स्थाई रूप से नदी से बाहर करने हेतु उड़ीसा राज्य के द्वारा तैयारी किया जा रहा है जिससे पानी का बहाव नैसर्गिक तरीके से होता रहेगा एवं छत्तीसगढ़ राज्य को अपने हिस्से का 50 प्रतिशत पानी मिलना शुरू होगा। इस पर आने वाला खर्च भी उड़ीसा सरकार देगी। स्वीकृति मिलने के बाद एजेंसी तय कर जून 2025 तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और सिंचाई मंत्री श्री केदार केश्यप की पहल से यह साकार हो रहा है। गर्मी शुरू होते ही इंद्रावती में जल संकट गहराने लगा था,सिंचाई मंत्री केदार कश्यप ने राजस्थान के उदयपुर में केंद्रीय मंत्री सी आर पाटिल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जल परिषद की बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। बैठक में उड़ीसा के सीएम और जल संसाधन विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। समस्या को देखते हुए तय हुआ कि इसका समाधन निकाला जाए। इसी बीच मुख्यमंत्री श्री साय ने उड़ीसा प्रवास के दौरान वहां के सीएम श्री मोहन चरण मांझी के साथ मुलाकात में इस मुद्दे पर ध्यान दिलाया और इसके बाद तत्काल कवायद शुरू हो गई। दोनों राज्यों के सिंचाई विभाग एवं प्रशासनिक अमले के द्वारा संयुक्त अवलोकन किया। इसके बाद अस्थाई तौर पर छत्तीसगढ़ की ओर जल प्रवाह में रुकावट बन रहे समस्याओं का निराकरण किया गया



और हुआ ये कि 16 प्रतिशत जो पानी छत्तीसगढ़ को मिलता था वह बढ़कर पहले 40,फिर 42, फिर 45 और अब 49 प्रतिशत पहुंच गया है। समझौते के अनुसार दोनों राज्यों को 50:50 प्रतिशत पानी का करार है। इस तरह से अस्थाई व्यवस्था में 49 प्रतिशत पानी मिलने लगा है, छत्तीसगढ़ जल संसाधन विभाग द्वारा 11 अप्रैल को हाइड्रोलिक कंट्रोल स्ट्रक्चर को किए गए मापन में देखा गया की इंद्रावती नदी में जल का प्रवाह 11 क्यूमेक हो गया जो मार्च के अंतिम सप्ताह में 2 क्यूमेक तक गिर गया था,इंद्रावती में बढ़े जल प्रवाह का लाभ छत्तीसगढ़ राज्य को भी मिल रहा है अब राज्य की ओर 5.4 क्यूमेक जल प्रवाहित हो रहा है अगर इसी प्रकार की स्थिति रही तो बस्तर जिले में जल की उपलब्धता प्रभावी रूप से हो सकेगी साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए प्रयाप्त जल मिल सकेगा।

**अवरोधों को हटाया तो मिलने लगा पानी-** बस्तर जिले में गर्मी के मौसम में पेयजल संकट को देखते हुए छत्तीसगढ़ और उड़ीसा के अधिकारियों ने 27 फरवरी और 21 मार्च 2025 को इन्द्रावती-जोरा नाला के मुहाने का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान बनी सहमति के अनुसार, हाइड्रोलिक कंट्रोल स्ट्रक्चर के अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम में जमा रेत, लूज बोल्डर, रेत बोरी और अन्य अवरोधों को हटाकर अस्थायी रास्ता बनाया गया। इस कार्य को 30 मार्च 2025 तक पूरा किया गया।

**स्थायी समाधान की दिशा में प्रयास-** दोनों राज्यों के बीच सचिव स्तरीय वार्ता में बस्तर जिले में गहराते पेयजल संकट को दृष्टिगत रखते हुए श्री राजेश सुकुमार टोप्पो सचिव जल संसाधन छत्तीसगढ़ के द्वारा छत्तीसगढ़ के हितों की रक्षा और जल बंटवारे को सुनिश्चित करने के लिए स्थायी समाधान द्यपर जोर दिया गया एवं इन्द्रावती-जोरा नाला मुहाने पर बने हाइड्रोलिक कंट्रोल स्ट्रक्चर के दोनों ओर जमा रेत,पत्थर,मिट्टी और अन्य अवरोधों को स्थायी रूप से हटाने के लिए जल संसाधन विभाग उड़ीसा द्वारा उड़ीसा सरकार को प्रस्तुत साढ़े तीन करोड़ रुपये के प्राक्कलन को यथाशीघ्र स्वीकृति हेतु सचिव जल संसाधन उड़ीसा से आग्रह किया जिस पर सचिव उड़ीसा ने सहमति दी है। स्वीकृति मिलने के बाद एजेंसी तय कर जून 2025 तक कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

**50:50 प्रतिशत पानी के बंटवारे के लिए पक्के का तैयार किया जाएगा स्ट्रकचर-** जोरा नाला की समस्या की जड़ ग्राम सूतपदर है, जहां उड़ीसा सीमा पर इन्द्रावती दो धाराओं में बंट जाती है। एक धारा इन्द्रावती नदी के रूप में पांच किलोमीटर उड़ीसा में बहकर ग्राम भेजापदर से छत्तीसगढ़ में प्रवेश करती है। यह धारा आगे जगदलपुर और चित्रकोट होते हुए गोदावरी में मिलती है। दूसरी धारा जोरा नाला के रूप में 12 किलोमीटर बहकर शबरी (कोलाब) नदी में मिलती है। पहले दोनों धाराओं में पानी बराबर बंटता था। समय के साथ जोरा नाला का बहाव बढ़ता गया और इन्द्रावती का बहाव घटता गया। छत्तीसगढ़ और उड़ीसा के प्रमुख अभियंताओं की बैठक में निर्णय लिया गया कि इन्द्रावती-जोरा नाला संगम पर 50-50 प्रतिशत जल बंटवारे के लिए पक्का स्ट्रक्चर बनाया जाएगा।

इंद्रावती का उद्गम उड़ीसा राज्य के कालाहांडी जिले के रामपुर धुमाल नाम के गांव से हुआ है। इंद्रावती नदी 164 किमी उड़ीसा राज्य में बहने के बाद 9 किमी लंबाई में छत्तीसगढ़ और उड़ीसा की सीमा बनाते हुए छत्तीसगढ़ में प्रवेश करती है एवं 232 किमी छतीसगढ़ में बहने के बाद 129 किमी महाराष्ट्र एव छत्तीसगढ़ की सीमा बनाते हुए गोदवारी नदी में मिलती है।

## व्यापार समाचार

### एसआईपी निवेश मार्च में 25,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा, एयूएम बढ़कर 65.74 लाख करोड़ रुपये हुआ

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** म्यूचुअल फंड में सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए मार्च में 25,926 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड (एम्फी) की ओर से शुक्रवार को जारी डेटा में दी गई। बीते महीने एसआईपी के जरिए निवेश में मामूली गिरावट दर्ज की गई है और यह फरवरी में 25,999 करोड़ रुपये था। एसआईपी में लगातार निवेश आना दिखाता है कि लोग लंबी अवधि के नजरिए शेयर बाजार में अनुशासित तरीके से निवेश कर रहे हैं। मार्च में इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में कुल 25,082 करोड़ रुपये का नेट इनफ्लो दर्ज किया गया है। फरवरी में यह आंकड़ा 29,303 करोड़ रुपये था बीते महीने स्मॉलकैप फंड्स में 4,092 करोड़ रुपये का इनफ्लो आया है, जो कि फरवरी में 3,722 करोड़ रुपये था। वहीं, मिडकैप फंड्स में 3,438 करोड़ रुपये का इनफ्लो दर्ज किया गया है। फरवरी में यह आंकड़ा 3,407 करोड़ रुपये पर था। मार्च में लार्जकैप फंड्स में इनफ्लो 2,479 करोड़ रुपये रहा है, जो कि फरवरी में 2,866 करोड़ रुपये था। लार्जकैप और मिडकैप फंड में 2,718 करोड़ रुपये का इनफ्लो आया है। फरवरी में यह आंकड़ा 2,656 करोड़ रुपये था। इसके अतिरिक्त, बीते महीने फ्लेक्सी कैप फंड में सबसे अधिक 5,615 करोड़ रुपये का इनफ्लो आया है। फरवरी में इस कैटेगरी में 5,104 करोड़ रुपये का निवेश आया था। बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद सभी 11 इक्विटी म्यूचुअल फंड कैटेगरी में इनफ्लो सकारात्मक रहा है। इस कारण मार्च में इक्विटी म्यूचुअल फंड्स का असेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 7.6 प्रतिशत बढ़कर 29.5 लाख करोड़ रुपये हो गया है। हालांकि, मार्च में डेट म्यूचुअल फंड्स में 2.02 लाख करोड़ रुपये का आउटफ्लो देखने को मिला है, जो कि फरवरी के 6,525 करोड़ रुपये के आउटफ्लो के मुकाबले काफी अधिक है। इक्विटी में इनफ्लो बढ़ने के कारण भारत की म्युचूअल फंड इंडस्ट्री की असेट्स अंडर मैनेजमेंट 1.87 प्रतिशत बढ़कर 65.74 लाख करोड़ रुपये हो गई है।

### अगले सप्ताह सिर्फ तीन दिन ही शेयर बाजार में होगा कारोबार

**मुंबई( एजेंसी )।** भारत में शेयर बाजार अगले सप्ताह केवल तीन दिन ही खुले रहेंगे. जबकि बाकी दो दिन बाजार बंद रहेंगे. डेरिवेटिव, इक्विटी, एसएलबी, करेंसी डेरिवेटिव और ब्याज दर डेरिवेटिव में सभी तरह की ट्रेडिंग अगले सप्ताह इन दो दिनों के लिए बंद रहेगी. शेयर बाजार की छुट्टियों को अधिसूचित किया जाता है और राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बीएसई के प्रतिवर्ष प्रकाशित किया जाता है. एक्सचेंजों ने अप्रैल 2025 महीने के लिए कुल तीन शेयर बाजार अवकाश अधिसूचित किए. इस महीने का पहला अवकाश इस सप्ताह गुरुवार 10 अप्रैल को श्री महावीर जयंती के अवसर पर मनाया गया. अगले सप्ताह डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर जयंती और गुड फ्राइडे के लिए शेयर बाजार दो दिन के लिए बंद रहेंगे. इस बीच, निवेशकों और व्यापारियों को ध्यान रखना चाहिए कि 21 अक्टूबर 2025, मंगलवार को दिवाली लक्ष्मी पूजन के कारण व्यापारिक अवकाश रहेगा. उस दिन मुहूर्त ट्रेडिंग होगी. अक्टूबर में एक्सचेंजों के एक परिपत्र में मुहूर्त ट्रेडिंग का समय अधिसूचित किया जाएगा. शनिवार और रविवार और एक्सचेंजों के पहले से घोषित छुट्टियों को छोड़कर इक्विटी खंड पर कारोबार सप्ताह के सभी दिनों में होता है.

### छत्तीसगढ़ राइजिंग : आईईएसए ने अपने सदस्य पॉलीमटेक की भारत की पहली जीएएन सुविधा का समर्थन किया

**नईदिल्ली।** आईईएसए गर्व से अपनी सदस्य कंपनी, पॉलीमटेक इलेक्ट्रॉनिक्स की साहसिक और रणनीतिक प्रतिबद्धता की सराहना करता है, जिसने नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ में भारत की पहली गैलियम नाइट्राइड (जीएएन) सेमीकंडक्टर चिप्स और उन्नत पैकेजिंग सुविधा शुरू की। 1143 करोड़ के निवेश के साथ, यह परियोजना भारत के उच्च तकनीक विनिर्माण परिदृश्य में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है और अगली पीढ़ी के सेमीकंडक्टर नवाचार के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में छत्तीसगढ़ के उद्भव को मजबूत करती है।

यह पहल भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम की बढ़ती गति को दर्शाती है - जो दूरदर्शी नीति और गहरी उद्योग प्रतिबद्धता से प्रेरित है। आज तक, IESA की सदस्य कंपनियों ने कई भारतीय राज्यों में 20 बिलियन अमरीकी डालर से अधिक की प्रतिबद्धता जताई है , जो आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया मिशनों के तहत नवाचार-आधारित विकास, उन्नत विनिर्माण और आत्मनिर्भरता के एक नए युग को उत्प्रेरित करती है। एक उच्च तकनीक केंद्र के रूप में छत्तीसगढ़ के सक्रिय दृष्टिकोण और क्षमता की मान्यता में, आईईएसए ने हाल ही में छत्तीसगढ़ सरकार के साथ राज्य के सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स पारिस्थिति की तंत्र के विकास का समर्थन करने के लिए एक ज्ञान भागीदार के रूप में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी को माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साई की सम्मानित उपस्थिति में औपचारिक रूप दिया गया। हम छत्तीसगढ़ सरकार की उसकी दूरदर्शी नीतियों, त्वरित सुविधा और उद्योग को अटूट समर्थन के लिए सराहना करते हैं। साथ में, हम भारत के लिए सेमीकंडक्टर्स में एक वैश्विक नेता के रूप में उभरने की नींव रख रहे हैं - प्रौद्योगिकी, प्रतिभा और विश्वास द्वारा संचालित। गैलियम नाइट्राइड (GaN) अगली पीढ़ी की सेमीकंडक्टर सामग्री है जो 5G/6G, रक्षा, इलेक्ट्रिक वाहनों और ऊर्जा-कुशल बिजली इलेक्ट्रॉनिक्स में भारत के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। यह पारंपरिक सिलिकॉन की तुलना में तेज़, छोटे और अधिक कुशल उपकरणों को सक्षम बनाता है। GaN आयात निर्भरता को कम करने और भारत को उच्च तकनीक विनिर्माण में एक वैश्विक खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण है। अनुप्रयोगों में रडार, ईवी फास्ट चार्जर, दूरसंचार बेस स्टेशन, सौर इनवर्टर और डेटा सेंटर शामिल हैं - जो इसे रणनीतिक और वाणिज्यिक दोनों क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण बनाते हैं।

# कोलकाता ने चेन्नई को 8 विकेट से रौंदा

### सुनील नारायण ने गेंद और बल्ले से किया तूफानी प्रदर्शन



**चेन्नई,( एजेंसी )।** आईपीएल 2025 के 25वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने चेन्नई सुपर किंग्स 59 बॉल बाकी रहते हुए 8 विकेट से रौंद दिया है. यह एमएस धोनी का बतौर कप्तान आईपीएल 2025 में पहला मैच था, जहां उन्हें अपने ही घर में चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में हार का सामना करना पड़ा है. यह कोलकाता नाइट राइडर्स की 6 मैचों में तीसरी जीत है, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स की 6 मैचों में 5वीं हार है. इस मैच में कोलकाता के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टॉस जीता और चेन्नई को पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहा, जिसके जवाब में चेन्नई सुपर किंग्स की टीम 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 103 रन बनाए और कोलकाता नाइट राइडर्स को जीत के लिए 104 रनों का लक्ष्य दिया. इस लक्ष्य को केकेआर ने 10.1 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 107 रनों बनाकर हासिल कर लिया और मैच को 8 विकेट से जीत लिया. केकेआर के लिए सीएसके से जीत के लिए मिले 104 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिए क्रीज पर सुनील नारायण और क्विटंन डी कॉक आए. नारायण ने कोलकाता के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए. उन्होंने 18 बॉल में 2 चौके और 5 छक्कों की मदद से 44 रनों की तूफानी पारी खेली. उन्हें नूर अहमद ने पवेलियन की राह दिखाई. सुनील नारायण के अलावा डी कॉक ने 23 रन बनाए. अजिंक्य रहाणे ने नाबाद 20 और रिंकू सिंह ने नाबाद 15 रन बनाकर टीम को मैच जिता दिया. सीएसके के लिए नूर अहमद और अंशुल काम्बोज ने 1-1 विकेट लिया. नारायण ने गेंद के साथ भी शानदार प्रदर्शन किया. उन्होंने 4 ओवर में 13 रन देकर 3 विकेट चटकाए. सुनील ने राहुल त्रिपाठी (16), रविंद्र जडेजा (0) और एमएस धोनी (1) को पवेलियन की राह दिखाई. इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने हुए चेन्नई सुपर किंग्स की टीम 103 रन ही बना पाई. टीम के लिए सबसे ज्यादा रन शिवम दुबे ने बनाए. उन्होंने 29 बॉल पर 3 चौकों के साथ 31 रनों की नाबाद पारी खेली और विजय शंकर ने 21 बॉल में 2 चौके और 1 छक्के के साथ 29 रन बनाए. इन दोनों के अलावा स्टार बल्लेबाज से भरी सीएसके की टीम का कोई अन्य बल्लेबाज 20 रनों का आंकड़ा भी नहीं छू पाया. वहीं केकेआर के लिए सुनील नारायण ने 3, वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा ने 2-2, जबकि वैभव अरोड़ा और मोईन अली ने 1-1 विकेट लिया.

### व्यापार निकाय ने अमेरिका के टैरिफ रोके जाने के बाद अंतरिम टेक्सटाइल एक्सपोर्ट प्रोटेक्शन स्कीम की मांग की




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय वस्त्र उद्योग परिसंघ (सीआईटीआई) ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका के रेसिप्रोकल टैरिफ में 90 दिन की राहत उन भारतीय कपड़ा और परिधान निर्यातकों के लिए सकारात्मक है, जो उच्च टैरिफ बाधाओं का सामना कर रहे थे। सीआईटीआई ने सरकार से अंतरिम टेक्सटाइल एक्सपोर्ट प्रोटेक्शन स्कीम शुरू करने का आग्रह किया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन को छोड़कर सभी के लिए रेसिप्रोकल टैरिफ पर 90 दिन की %रोक% की घोषणा की है। इस अवधि के दौरान, मौजूदा शुल्क, फीस, कर, वसूली या लागू शुल्क के अलावा 10 प्रतिशत का काफी कम रेसिप्रोकल टैरिफ लागू रहेगा। सीआईटीआई के चेयरमैन राकेश मेहरा ने कहा, अस्थायी राहत से भारतीय कपड़ा और परिधान निर्यातकों को अल्पकालिक राहत मिलेगी, जो उच्च टैरिफ बाधाओं का सामना कर रहे थे। हालांकि, यह केवल एक अस्थायी उपाय है। यह महत्वपूर्ण है कि भारत सरकार अधिक सस्टेनेबल और पारस्परिक रूप से लाभकारी समाधान पर पहुंचने के लिए अमेरिकी समकक्षों के साथ अपने जुड़ाव को बढ़ाए। अमेरिकी बाजार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिका भारतीय कपड़ा और परिधान निर्यात के लिए सबसे बड़ा गंतव्य है।

### शेयर बाजार में तूफानी तेजी, सेंसेक्स 1000 अंक से ज्यादा उछला; निवेशकों पर हुई पैसों की बारिश



**मुंबई( एजेंसी )।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन, शुक्रवार (11 अप्रैल, 2025) को भारतीय शेयर बाजार में जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है। बाजार खुलते ही निवेशकों में खरीदारी की भारी होड़ दिखी, जिससे प्रमुख सूचकांकों ने लंबी छलांग लगाई। बाजार में इस जोरदार तेजी को लेकर आ रही कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दुनिया भर के देशों पर लगाए गए टैरिफ को 90 दिनों के लिए रोकने के कथित फैसले की खबर के बाद वैश्विक स्तर पर सकारात्मक माहौल बना, जिसका असर भारतीय बाजार पर भी दिखा। आज सुबह बाजार खुलते ही बीएसई का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स करीब 1,000 अंकों की बढ़त के साथ 74,956.53 पर खुला। खबर लिखे जाने तक (सुबह करीब 9ः55 बजे) सेंसेक्स 1.70 फीसदी यानी 1200 अंकों से ज्यादा की मजबूती के साथ 75,101.19 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी जोरदार तेजी दिखाते हुए 375.60 अंक (1.68 प्रतिशत) चढ़कर 22,774.75 के स्तर पर पहुंच गया। यह तेजी चौतरफा देखने को मिल रही है, लगभग सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में हैं। विशेषकर मेटल और फार्मा सेक्टर के शेयरों में निवेशकों की भारी दिलचस्पी दिख रही है और इन सेक्टर्स में जोरदार उछाल है। सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 25 शेयर बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं, जबकि केवल 5 शेयरों में गिरावट है।

## अदाणी समूह के 750 मिलियन डॉलर के बॉन्ड इश्यू में सबसे बड़ा निवेशक अमेरिकी प्रमुख ब्लैकरॉक



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय दिग्गज अदाणी समूह द्वारा जारी किए गए 750 मिलियन डॉलर के निजी बॉन्ड में अमेरिका स्थित प्रमुख एसेट मैनेजर ब्लैकरॉक सबसे बड़ा निवेशक है। यह जानकारी गुरुवार को सूत्रों की ओर से दी गई। मामले से जुड़े लोगों के अनुसार, ब्लैकरॉक का यह कदम भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में एसेट मैनेजर का पहला निजी प्लेसमेंट है। ब्लैकरॉक की भागीदारी यह भी संकेत देती है कि उसे अमेरिका में कानूनी कार्यवाही से समूह के लिए किसी महत्वपूर्ण परिचालन व्यवधान को लेकर कोई आशंका नहीं है। वैश्विक स्तर पर 12 ट्रिलियन डॉलर की संपत्ति की देखरेख करने वाले ब्लैकरॉक ने 750 मिलियन डॉलर के इश्यू का एक तिहाई हिस्सा अपने पास ले लिया है, जिसकी अवधि 3 से 5 साल की है। ब्लैकरॉक के अलावा, अदाणी समूह के पूंजी जुटाने में पांच अन्य संस्थागत निवेशकों ने भी भाग लिया। सूत्रों के अनुसार, अदाणी समूह के प्रमोटर फैमिली की पूर्ण स्वामित्व वाली ऑफशोर एंटिटी रिन्यू एक्जिम डीएमसीसी के 750 मिलियन डॉलर के बॉन्ड इश्यू का इस्तेमाल आईटीडी सीमेंटेशन के अधिग्रहण और दूसरे विकास के अवसरों को फाइनेंस करने के लिए किया जाएगा। अदाणी समूह ने इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में अपनी इंजीनियरिंग क्षमताओं को मजबूत करने के उद्देश्य से पिछले साल आईटीडी सीमेंटेशन में अपने प्रमोटर्स से 5,888.57 करोड़ रुपये में 46.64 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा की थी। रिन्यू एक्जिम ने तब से 400 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से ओपन ऑफर के जरिए अतिरिक्त 20.81 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर ली है। जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट और तूतीकोरिन, मुंद्रा और विझिनजाम में बंदरगाहों जैसी प्रमुख परियोजनाओं पर अपने काम के लिए दुनियाभर में मशहूर आईटीडी सीमेंटेशन को अदाणी की लॉन्ग-टर्म निवेश महत्वाकांक्षाओं के लिए एक रणनीतिक संपत्ति के रूप में देखा जाता है। ब्लैकरॉक के चेयरमैन लैरी फिंक के अनुसार, इंफ्रास्ट्रक्चर सबसे रोमांचक लॉन्ग टर्म निवेश अवसरों में से एक है, क्योंकि कई संरचनात्मक बदलाव वैश्विक अर्थव्यवस्था को नया आकार देते हैं।

### रिमेडियम लाइफक्रेर ने 49.19 करोड़ के राइट्स इश्यू की घोषणा की

**मुंबई:** फार्मास्युटिकल इंटरमीडिएट्स और स्पेशियलिटी केमिकल्स बनाने वाली रिमेडियम लाइफकेर लिमिटेड (BSE: 539561 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) से अपने प्रस्तावित राइट्स इश्यू के लिए मंजूरी मिल गई है। इस मंजूरी के बाद तेजी से बढ़ रही ये कंपनी अब अपने मौजूदा शेयरधारकों से पूंजी जुटा सकेगी, जिससे उसकी वित्तीय स्थिति मजबूत होगी और वह अपने मैन्युफैक्चरिंग, नए प्रोडक्ट्स का विकास और वैश्विक बाज़ार में विस्तार—को आगे बढ़ा सकेगी।

राइट्स इश्यू की मुख्य बातें:

रिकॉर्ड डेट: मंगलवार, 15 अप्रैल 2025, इश्यू साइज: 4,919.04 लाख (यदि पूरी तरह सब्सक्राइब किया जाए), प्रति शेयर मूल्य: 1.00 प्रति शेयर

कुल शेयर: 49,19,04,000 पूरी तरह से चुकता किए गए इक्विटी शेयर (1 मूल्य के)

राइट्स रेशियो: रिकॉर्ड डेट तक आपके पास जितने भी पूरी तरह चुकता किए गए 50 शेयर हैं, उनके बदले में आपको 61 राइट्स शेयर मिलेंगे

उद्देश्य: वर्किंग केपिटल की ज़रूरतें, ऋ×ष्ठ (अनुसंधान एवं विकास) के लिए उपकरण, और विस्तार

कंपनी के होलटाइम डिरेक्टर आदर्श मुन्जाल ने कहा, BSE की यह मंजूरी हमारे सफर में एक महत्व का कदम है। हम अपने ऑपरेशंस को ज़िम्मेदारी और सस्टेनेबल तरीके से बढ़ाते हुए शेयरधारकों के लिए मूल्य बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

यह राइट्स इश्यू ऐसे समय में आ रहा है जब रिमेडियम लाइफक्रेर को अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों से अच्छा रिस्पोन्स मिल रहा है। फरवरी 2025 में, कंपनी ने यूके की एक प्रमुख फार्मा डिस्ट्रीब्यूटर के साथ 182.7 करोड़ का एक मल्टी-ईयर एक्सपोर्ट कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है।

## भूमि और रियलमी ने टेक-संचालित शिक्षा और सामुदायिक विकास कार्यक्रमों द्वारा 80,000 से अधिक युवाओं को सशक्त बनाया



**नई दिल्ली:** रियलमी और भूमि ने शैक्षिक और सामुदायिक विकास के कार्यक्रमों का संचालन करने के लिए साझेदारी की है। जहाँ भूमि भारत के अग्रणी नॉन-प्रॉफिट संगठनों में से एक है, जो युवाओं के सशक्तीकरण और सामाजिक परिवर्तन लाने पर केंद्रित है, वहीं रियलमी भारतीय युवाओं का सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड है। यह ब्रांड भारत के युवाओं की नब्ज को समझता है। रियलमी ने हमेशा इनोवेशन और सामाजिक परिवर्तन का नेतृत्व किया है। इस गठबंधन द्वारा रियलमी का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना, और उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए सही कौशल एवं संसाधनों के साथ अवसर भी प्रदान करना है। इस पहल द्वारा भूमि को विशाल जनसमुदाय तक पहुँचने और उन्हें एक सफल भविष्य निर्माण के लिए आवश्यक टूल्स प्रदान करने में मदद मिलेगी।

इस साझेदारी द्वारा भूमि का उद्देश्य भूमि फैलोशिप, सोशल एंड इमोशनल लर्निंग (एसईएल) प्रोग्राम, स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, इग्नाईट शेल्टर्स और भूमि क्लब्स को मजबूत बनाना है। ये प्रोग्राम शिक्षा, नेतृत्व और नागरिक संलग्नता बढ़ाने पर केंद्रित हैं, तथा वंचित युवाओं का समग्र विकास सुनिश्चित करते हैं। युवाओं को सही टूल्स, संसाधन और ज्ञान प्रदान करके रियलमी एक उज्जवल और समावेशी भविष्य निर्माण की ओर काम कर रहा है। भूमि स्कॉलरशिप एक दो-वर्षीय अद्वितीय, पेड प्रोग्राम है, जो युवाओं को कम आय वाले समुदायों में शैक्षिक असमानता को दूर करने में समर्थ बनाता है। फैलो संसाधनों से वंचित सरकारी स्कूलों में काम करते हैं, बुनियादी कौशल सिखाते हैं, टीचर्स को सहयोग देते हैं, अभिभावकों से बात करते हैं, और स्कूल में समग्र परिवर्तन लेकर आते हैं। भारत के सबसे बड़े युवा कार्यकर्ता संगठन, भूमि द्वारा डिज़ाईन की गई फैलोशिप भविष्य के नेतृत्वकर्ता तैयार करती है, जो शिक्षा में व्यवस्थित सुधार लाने की तत्परता के साथ काम करते हैं। इस प्रोग्राम द्वारा साल 2020 से 21 फैलो की मदद से 5352 विद्यार्थियों को लाभ पहुँचाया जा चुका है। इस प्रोग्राम में वर्तमान में 75 फैलो हैं, जो 13017 से अधिक विद्यार्थियों के जीवन में परिवर्तन ला रहे हैं।

यह प्रोग्राम ऐसे पूर्व छात्रों का निर्माण कर रहा है, जो शिक्षा क्षेत्र में परिवर्तन ला रहे हैं। गहन प्रशिक्षण, मेंटरशिप, और सामुदायिक संलग्नता द्वारा भूमि फैलोशिप न केवल स्कूलों में परिवर्तन ला रही है, बल्कि शैक्षिक नेतृत्वकर्ताओं की अगली पीढ़ी का निर्माण भी कर रही है।

सोशल एंड इमोशनल लर्निंग प्रोग्राम (एसईएल) विद्यार्थियों में भावनात्मक इंटैलिजेंस एवं इच्छाशक्ति का विकास करता है। यह उन्हें जीवन के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करता है। स्कूल्स ऑफ एक्सिलेंस का उद्देश्य इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार लाकर, टीचर्स को प्रशिक्षण देकर और टीचिंग की इनोवेटिव विधियाँ पेश करके अध्ययन के वातावरण में सुधार लेकर आना है। इग्नाईट शेल्टर्स प्रोग्राम द्वारा शेल्टर होम्स के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं मेंटरशिप प्रदान की जाती है, जबकि भूमि क्लब्स स्कूल और कॉलेज के बच्चों में स्वयंसेवा एवं लीडरशिप की भावना का विकास करते हैं।

इस साझेदारी के बारे में वैष्णवी श्रीनिवासन, एग्ज़िक्यूटिव डायरेक्टर, भूमि ने कहा, ''भूमि में हम स्थायी परिवर्तन लाने के लिए शिक्षा की शक्ति में यकीन करते हैं। हम रियलमी के साथ अपने इस मिशन को अगले चरण में ले जा रहे हैं। हम रियलमी के सहयोग से न केवल अपनी पहुँच बढ़ा रहे हैं, बल्कि अपने प्रोग्राम्स में बेजोड़ गति भी लेकर आ रहे हैं। युवा भारत के साथ उनका गहरा जुड़ाव और सामाजिक परिवर्तन की प्रतिबद्धता के कारण यह गठबंधन वास्तव में परिवर्तनकारी है।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, सोमवार 14 अप्रैल 2025

## सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई जाएगी डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर राज्य के सभी जिलों, जनपदों एवं ग्राम पंचायतों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने सभी कलेक्टरों एवं जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र जारी कर 14 अप्रैल को कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम के दौरान संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त पंचायत राज दिवस (24 अप्रैल) में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र की जानकारी दी जाएगी।



# चि. राहुल संग सौ. ऐश्वर्या का शुभ विवाह सानंद सम्पन्न



**रायपुर (विश्व परिवार)।** शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं शिवम पब्लिसिटी के संचालक श्री के. रविन्द्रनाथन नायर-श्रीमती लता नायर के सुपुत्र चि. राहुल का पथानमथिट्टा केरला निवासी श्री आर.के. नायर-श्रीमती सुजाता नायर की सुपुत्री सौ. ऐश्वर्या के साथ मंगल परिणयोत्सव दिनांक 24 मार्च, 2025 दिन सोमवार को इडन गार्डन कन्वेंशन सेंटर, पंडलम, केरला मे मांगलिक मुहूर्त में संपन्न हुआ।

शुभ विवाह के उपरांत शनिवार 12 अप्रैल 2025 को वी.आई.पी. रोड रायपुर स्थित निरंजन धर्मशाला में आयोजित भव्य अशीर्वाद समारोह में नव युगल को सगे संबंधियों, समाजसेवी जनो, राजनेताओं, इष्ट मित्रों ने शुभकामनाएं भेंट की।

सभी आगत जनो का स्वागत श्री के. रविन्द्रनाथन नायर-श्रीमती लता नायर, डॉ. अखिल-डॉ. रम्या एवं समस्त नायर परिवार ने किया।

दैनिक विश्व परिवार नव दंपति के यशस्वी, सुमंगल, सुदीर्घ जीवन की मंगल कामना करता है।

# रायपुर प्रेस क्लब में गोविंद लाल वोरा लाइब्रेरी का विधानसभा अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

## डॉ. रमन सिंह द्वारा किताबों के लिए 1 लाख रुपये देने की घोषणा, ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित कवि-कथाकार विनोद कुमार शुक्ल का किया गया सम्मान








**रायपुर (विश्व परिवार)।** स्व. मधुकर खेर स्मृति रायपुर प्रेस क्लब परिसर में रविवार को गोविंद लाल वोरा लाइब्रेरी का शुभारंभ हुआ। गोविंद लाल वोरा फाउंडेशन और रायपुर प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। डॉ. सिंह और ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल ने लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इस मौके पर दुर्ग के पूर्व विधायक और वोरा परिवार के सदस्य अरुण वोरा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश से श्री उमेश त्रिवेदी, रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, अमृत संदेश अखबार के प्रधान संपादक श्री गिरीश वोरा, वरिष्ठ पत्रकार श्री अरुण पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने लाइब्रेरी में किताबों के लिए स्वनिधि से 1 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 30 दिन के भीतर किताबों के लिए राशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। स्व गोविंद लाल वोरा को याद करते हुए डॉ. रमन सिंह ने उनकी शालीनता और जीवन पर्यंत पत्रकारिता करते रहने की बातें साझा की। उन्होंने कहा, मेरे मुख्यमंत्री रहते और उससे पहले भी कभी भी वोरा जी ने मुझसे किसी काम के लिए नहीं कहा। उन्होंने याद करते बताया कि मजाक में वे वोरा जी को संपादकों का देवानंद कहते थे। उन्होंने रायपुर प्रेस क्लब के प्रयास की तारीफ की और कहा कि लाइब्रेरी के माध्यम से पत्रकारों को पढ़ने की अच्छी सुविधा मिलेगी।

विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार श्री उमेश त्रिवेदी ने कहा, भले ही वे मध्यप्रदेश से हैं, लेकिन दोनों प्रदेशों में पत्रकारिता का डीएनए एक ही रहा है। उन्होंने रायपुर प्रेस क्लब के प्रयासों की तारीफ की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक श्री अरुण वोरा ने भी लाइब्रेरी की उपयोगिता पर प्रकाश डाला और प्रेस क्लब के प्रयासों की सराहना की।

इस मौके पर ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित विख्यात साहित्यकार श्री विनोद कुमार शुक्ल ने किताबों और पढ़ने-लिखने के महत्व के अनुभव साझा किए, राजनांदगांव की लाइब्रेरी में किताब पढ़ने की शुरुआत के प्रसंग साझा करते हुए, उन्होंने पत्रकारों को पढ़ने-लिखने के लिए प्रेरित किया।

रायपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल ठाकुर ने आगामी दिनों में प्रेस क्लब में वीडियो प्रोडक्शन स्टूडियो, फोटो गैलरी बनाने के योजना साझा की। साथ ही पत्रकारों से, विशेषकर नए पत्रकारों से आग्रह किया कि वे रायपुर प्रेस क्लब की लाइब्रेरी का सदुपयोग करें। इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों द्वारा किताब लिखने पर प्रति वर्ष दो किताबों के प्रकाशन की जिम्मेदारी प्रेस क्लब द्वारा उठाने की घोषणा की। उन्होंने पत्रकारों के लिए फेलोशिप और पत्रकारिता पुरस्कार दिए जाने सम्बन्धी योजनाओं की भी जानकारी दी।

रायपुर प्रेस क्लब के महासचिव श्री वैभव शिव पांडे ने भी पत्रकारों को पुस्तकालय में किताब पठन के लिए प्रेरित किया, साथ ही बहुत ही जल्द लाइब्रेरी में हर प्रकार की किताबों के संकलन होने की बात कही। इस मौके पर रायपुर प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी एवं अरविंद सोनवानी समेत बड़ी संख्या में वरिष्ठ पत्रकार और प्रेस क्लब सदस्य उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उन्हें किया नमन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने भारत के संविधान निर्माता, समाज सुधारक और स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री भारतरत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर को उनकी जयंती (14 अप्रैल) के अवसर पर नमन किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर एक विलक्षण व्यक्तित्व के धनी थे। वे बहुभाषाविद्, प्रखर विधिवेत्ता, कुशल अर्थशास्त्री, सामाजिक न्याय के पक्षधर, और दूरदर्शी राजनेता थे। उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण सामाजिक विषमताओं के उन्मूलन और समानता, स्वतंत्रता तथा बंधुत्व के मूल्यों को प्रतिष्ठित करने हेतु समर्पित किया।

# छत्तीसगढ़ सरकार आत्मसमर्पित नक्सलियों को देगी शिक्षा, रोजगार और वित्तीय सहायता

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नक्सल क्षेत्रों में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से नक्सलवादी आत्मसमर्पण पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति 2025 लागू की है। इस नीति के अंतर्गत आत्मसमर्पण करने वाले सक्रिय ईनामी नक्सलियों और उनके परिवारजनों को शिक्षा, रोजगार एवं वित्तीय सहायता जैसी कई महत्वपूर्ण सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। यदि किसी आत्मसमर्पित नक्सली ने नक्सलियों के विरुद्ध अभियान में पुलिस को विशेष सहयोग दिया है और इसके कारण उसकी जान व संपत्ति को खतरा उत्पन्न हुआ है, तो ऐसे प्रकरणों में उसे पुलिस विभाग के आरक्षक या समकक्ष पद पर नियुक्त किया जा सकेगा। अन्य विभागों में नियुक्ति हेतु जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा आवश्यक होगी। साथ ही, 5 लाख रूपए या उससे अधिक के ईनामी नक्सली के आत्मसमर्पण की स्थिति में, पात्रता रखने पर नक्सली अथवा उसके परिवार के किसी एक सदस्य को शासकीय सेवा में नियुक्ति का अवसर दिया जाएगा।

# सप्तम प्रतिमाधारी मां राजकुमारी जी जैन को श्रद्धा सुमन अर्पित








**रायपुर (विश्व परिवार)।** देशभर की जैन समाज में विख्यात धर्म के लिए पूर्णता समर्पित, प्रेमी परिवार की पूज्यनीय माता जी जिन्होंने मोक्ष मार्ग पर आगे बढ़ने हेतु अपने जीवन को संयमित करते हुए आचार्य भगवंत विद्यासागर जी महाराज से सात प्रतिमाओं के व्रत अंगीकार किए एवं 26 मार्च 2025 दिन बुधवार को आपने अपनी नश्वर देह को क्या करते हुए देव लोक गमन किया। आप सतना निवासी समाधिस्थ श्री ज्ञान चंद जी जैन की धर्मपत्नी थी जिन्होंने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में अपनी देह का त्याग करते हुए यम सल्लेखना धारण कर समाधि पूर्वक मरण किया था।

दिनांक 13 अप्रैल को श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड के विद्यासागर हाल में प्रातः 10:30 बजे सप्तम प्रतिमाधारी मां राजकुमारी जी जैन को श्रद्धा सुमन अर्पित करने हेतु श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें समाज के विशिष्ट जनों, पंचायत समिति के सदस्यों एवं प्रेमी परिवार से जुड़े हुए व्यक्तियों ने माता जी के श्री चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी महानता करुणा एवं संस्कारों का व्याख्यान किया जिन संस्कारों ने प्रेमी परिवार का निर्माण किया। सभी उपस्थित जनों ने शांति पाठ कर उनकी आत्मा की शांति हेतु वीर प्रभु से प्रार्थना भी की।

धर्मनिष्ठ श्रीमती राजकुमारी जी श्री प्रेमचंद जी प्रेमी (सतना), इंजी. रमेश चंद्र जी जैन (कटनी), श्री दिनेश जैन (भोपाल), श्री महेंद्र जैन (बिलासपुर), श्री संजय जैन (रायपुर) की मां थी।

# मनोहरा से ले सकते हैं पक्षियों के लिए निशुल्क मिट्टी के पात्र



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी मिल सके, इसके लिए मनोहर गौशाला के ट्रस्टी डॉ. अखिल जैन (पदम डाकलिया) ने सराहनीय पहल की है। भीषण गर्मी को देखते हुए इस वर्ष भी मनोहर गौशाला द्वारा बेजुबान पक्षियों के लिए दाना-पानी का इंतजाम करने का अभियान शुरू कर दिया गया है। इसके तहत मिट्टी के पात्र का निशुल्क वितरण राजधानी रायपुर के मनोहरा साड़ी शॉप क्रमांक-2 क्लाथ मार्केट पंडरी और मनोहर गौशाला धरमपुरा रोड खैरागढ़ में किया जा रहा है। जगह-जगह प्याऊ घर सहित अन्य व्यवस्था के तहत लोगों को पीने का पानी मिल जाता है, लेकिन पशुओं और पक्षियों को पानी के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में लोगों की जिम्मेदारी है कि वे पक्षियों के लिए दाना व पानी की उचित व्यवस्था कर अपने जिम्मेदारी का निर्वाहन करें।

# रामगढ़िया सेवक सभा के नए पदाधिकारियों की घोषणा

## बलदेव सिंह भुई अध्यक्ष, हरपाल भामरा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ओंकार सिंह मुद्दड़ सचिव बनें



**रायपुर (विश्व परिवार)।** सरदार बलदेव सिंह भुई रायपुर की रामगढ़िया सेवक सभा के सर्वसम्मति से अध्यक्ष और हरपाल सिंह भामरा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए है। ओंकार सिंह मुद्दड को सचिव पद पर नियुक्त किया गया है। अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई है। जिसमें 5 उपाध्यक्ष, एक सचिव, दो सह-सचिव, एक कोषाध्यक्ष, दो सह कोषाध्यक्ष और दो पीआरओं की नियुक्ति की गई है। साथ ही पांच बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की भी नियुक्ति की गई है। पदाधिकारियों का कार्यकाल 3 साल को होगा। निवृतमान अध्यक्ष जसविन्दर सिंह राणा ने नए अध्यक्ष बलदेव सिंह भुई की पूरी टीम को बधाई देते हुए भविष्य में बेहतर काम करने के लिए शुभकामनाएं दी।

जारी सूची के अनुसार अध्यक्ष- बलदेव सिंह भुई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष- हरपाल सिंह भामरा, जगदीश सिंह जब्बल, अटल सिंह हंसपाल, सुरेन्द्र सिंह

# एनआईटी रायपुर में इमर्जिंग नैनोस्केल सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजिस

## ब्रिजिंग इनोवेशन टू एप्लिकेशन विषय पर ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का उद्घाटन




**रायपुर (विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के डिपार्टमेंट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग द्वारा इमर्जिंग नैनोस्केल सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजिस : ब्रिजिंग इनोवेशन टू एप्लिकेशन विषय पर ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का उद्घाटन समारोह 10 अप्रैल 2025 सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को ईआईसीटी अकादमी, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई), भारत सरकार के सहयोग द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

समारोह की शुरुआत एक स्वागत भाषण के साथ हुई, जिसने व्यावहारिक शिक्षा और अकादमिक जुड़ाव की नौ दिवसीय यात्रा की शुरुआत की। इस एफडीपी का औपचारिक रूप से सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति में उद्घाटन किया गया। प्रो. डॉ. एन. वी. रमना राव, निदेशक, एनआईटी रायपुर, जिन्होंने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और उद्घाटन भाषण दिया। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटिंग में तेजी से प्रगति के संदर्भ में नैनोस्केल सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकियों के बढ़ते महत्व पर बात की।

अन्य अतिथियों में डॉ श्रीश वर्मा, डीन (एकेडमिक), एनआईटी रायपुर, डॉ ए. एस. रघुवंशी, मुख्य अन्वेषक, ईआईसीटी अकादमी, एनआईटी रायपुर, प्रो. टी. मीनपाल, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग, एनआईटी रायपुर शामिल रहे। समारोह का मुख्य आकर्षण पेन स्टेट यूनिवर्सिटी, यूएसए के प्रो. दास द्वारा माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स के भविष्य के लिए 2डी सामग्री विषय पर दिया गया व्याख्यान था। उनके व्यावहारिक व्याख्यान ने भविष्य की माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक प्रौद्योगिकियों के विकास में द्वि-आयामी सामग्रियों की परिवर्तनकारी क्षमता पर गहन दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।

इस एफडीपी के दौरान लगभग 20 तकनीकी आयोजित किए जाएंगे, जिन्हें शिक्षा और उद्योग दोनों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य नैनोस्केल सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकियों में अग्रणी अनुसंधान और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों की जानकारी प्रदान करना है। उद्घाटन समारोह में देश भर के विभिन्न संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने वाले 46 से अधिक संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं और अकादमिक पेशेवरों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। यह कार्यक्रम एक व्यापक और समृद्ध शैक्षणिक पहल की एक आशाजनक शुरुआत है।

इस एफडीपी का समन्वयन डॉ. चित्रकांत साहू द्वारा किया जा रहा है, जिनकी सावधानीपूर्वक योजना और समर्पित प्रयास कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में सहायक साबित हो रहे हैं।

# सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी द्वारा सड़क सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा

## वाहन चालकों के लिए हेलमेट, सीटबेल्ट के उपयोग व लायसेंस एवं बीमा होना जरूरी- न्यायमूर्ति श्री अभय मनोहर सप्रे

### सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाएं




**दुर्ग (विश्व परिवार)।** सुप्रीम कोर्ट कमिटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के पूर्व न्यायधीश न्यायमूर्ति श्री अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में आज लोक निर्माण विभाग के सभाकक्ष में जिले की सड़क सुरक्षा के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने वर्ष 2024 और 2025 में हुई सड़क दुर्घटनाओं और उनसे हुई मौतों की तुलनात्मक जानकारी लेते हुए जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर गंभीर असंतोष व्यक्त किया। न्यायमूर्ति श्री अभय मनोहर सप्रे ने सड़क सुरक्षा के मामले में प्रशासन को और अधिक प्रभावी एवं ठोस कदम उठाने को कहा। उन्होंने संबंधित विभागों से दुर्घटनाओं के कारणों का विश्लेषण करने और संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जन जागरूकता अभियान चलाएं। इस अभियान में संतुलित गति में वाहन चलाने, हेलमेट पहनने, सीटबेल्ट लगाने, सड़कों के सांकेतिक चिन्हों का पालन करने और शराब के नशे में वाहन न चलाने के बारे में जानकारी दी जाए। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाए। न्यायमूर्ति श्री अभय मनोहर सप्रे ने कहा कि सड़क दुर्घटना में कमी लाना है, जिससे प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटना से होने वाली मृत्यु कम हो सके। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु में बिना हेलमेट और बिना सीटबेल्ट पहने वाहन चलाने वाले की संख्या ज्यादा होती है इसलिए बिना हेलमेट पहने और बिना सीटबेल्ट लगाए वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्यवाही की जाए। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में ब्लैक स्पॉट्स के चिन्हांकन के पश्चात यथा शीघ्र सुधारात्मक उपायों, घायलों की त्वरित उपचार देने, नियम तोड़ने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि आपातकालीन उपचार एवं ट्रामा केयर के लिए विशेष पहल करके सड़क दुर्घटना में मृत्युदर में कमी की जा सकती है। इसके लिए अंतर्विभागीय समन्वय से रणनीति एवं योजना बनाकर बेहतर कार्य किया जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री अभय मनोहर सप्रे ने बताया कि भारत की तुलना में जापान, जर्मनी और अमेरिका में होने वाली सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने वाले लोगों की संख्या कम होती है, इसका कारण है कि वहां वाहन चलाते समय हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग किया जाता है। उन्होंने जिले के सभी वाहनों के बीमा फिटनेस और वाहन चालकों के लाससेंसों की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे सड़क सुरक्षा उपयों की जानकारी ली। उन्होंने एनएचएआई, यातायात पुलिस एवं परिवहन, नगर निगम आयुक्तों से भी सड़क सुरक्षा के संबंध में उठाए गए कदम के बारे में चर्चा की। बैठक में अंतर्विभागीय लीड एजेंसी(सड़क सुरक्षा) के अध्यक्ष श्री संजय शर्मा द्वारा समग्र सड़क सुरक्षा परिदृश्य, सड़क दुर्घटनाओं के कारण, नियंत्रण के उपाय-लक्ष्य, सड़क सुरक्षा अंकेक्षण तथा प्रवर्तन, अंभियांत्रिकीय, शिक्षा, आकस्मिक उपचार आदि की भावी कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया।

कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आश्वस्त किया कि प्रशासन सड़क सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से सजग है और आने वाले समय में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सक्रिय और निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय प्रशासन, पुलिस विभाग मिलकर इन प्रयासों को और अधिक प्रभावशाली बनाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि चिन्हांकित स्थानों में प्रकाश व्यवस्था, संकेतक, रोड मार्किंग व गति नियंत्रक बोर्ड लगाने से एक्सीडेंट में कमी आई है। उन्होंने बताया कि 60 प्रतिशत से अधिक सड़क दुर्घटनाएं दूसरों की गलती से होती जिसके लिए हमें हेलमेट पहनना और सीट बेल्ट लगाना आवश्यक है। जिससे हमारा जीवन सुरक्षित रह सके। हमारा प्रयास रहेगा कि जिले में शत प्रतिशत लोगों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक कर सके।

इस अवसर पर संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर, आईजी श्री रामगोपाल गर्ग, एडीएम श्री अरविंद एक्का, सहायक कलेक्टर श्री बबन अभिजीत पठारे, एएसपी सुश्री ऋचा मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्री बजरंग दुबे, संयुक्त कलेक्टर श्री हरवंश मिरी, एसडीएम श्री सोनल डेविड, श्री महेश राजपूत, श्री उत्तम ध्रुव, श्री हितेश पिस्दा, नगर निगम आयुक्त दुर्ग श्री सुमित अग्रवाल, रिसाली नगर निगम आयुक्त श्रीमती मोनिका वर्मा, भिलाई नगर निगम आयुक्त श्री राजीव पाण्डेय, चरोदा नगर निगम आयुक्त श्री दशरथ राजपूत, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री एस.एल. लकडा, यातायात विभाग एवं पुलिस विभाग सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# श्रीमती मीना दुबे का निधन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राधास्वामी नगर भांठागांव निवासी श्रीमती मीना दुबे का निधन आज हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज शाम महादेव घाट शमशान घाट में किया गया। वे सेवानिवृत्त डीएसपी (उपअधीक्षक पुलिस) श्री सतीश दुबे की पत्नी थीं। वे श्री मनीष दुबे (सहायक संचालक कृषि), आशीष दुबे, प्रसन्न दुबे (विद्युत मंडल) व मनमोहन दुबे (चंदखुरी पुलिस अकादमी) की माता थीं।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354